# बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

## 19 मार्च, 2025

----

**[ग्रामीण विकास - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज - लघु जल संसाधन - जल संसाधन - पथ निर्माण - भवन निर्माण - श्रम संसाधन ].**

**कुल तारांकित प्रश्न 238**

----

### पथ की चौड़ीकरण

***1417 श्री जनक सिंह (116) (तरैया ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत तरैया एस.एच.-104 पथ की कुल लंबाई 54 किलोमीटर है तथा उक्त पथ में 0 से 42 किलोमिटर की चौड़ाई 7 मीटर है एवं शेष 12 किलोमीटर सिंगल लेन पथ है जिसके कारण पटना से गोपालगंज एवं पूर्वी चंपारण तथा पश्चिमी चंपारण सहित उत्तर प्रदेश जानेवाले लोगों को हमेशा जाम की समस्या से जूझना पड़ता हैं, यदि हॉं, तो सरकार उक्त राज्य स्तरीय पथ में अवशेष 12 किलोमीटर की चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

### कारवाई करना

***1418 Shri. Kumar Krishna Mohan urf Suday Yadav (216) (Jehanabad):**

**Rural Development** क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के घोघरडीहा अंचलान्तर्गत ग्राम पंचायत राज बसुआरी में मनरेगा योजना सं0 0520018/एफपी/20373565 एवं 0520018/एफपी/20373566 एवं 0520018/एफपी/20392172 योजनओं की स्वीकृति देने में निर्धरित प्रक्रिया एवं मानदंडों का उल्लंघन किया गया है,वित्तीय अनियमितता कि गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त योजनाओं की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## सड़क निर्माण के संबंध में

***1419 Shri. Lakhendra Kumar Raushan (130) (Patepur):**

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें किः-
(1 )क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के पंचायत राघोपुर नरसंडा अंतर्गत शिव मंदिर से अहरा टोला होते हुए शहीद मौजे सहनी के घर से राजकिशोर मिश्र के घर तक की सड़क दशकों पुरानी ईट सोलिंग सड़क जो काफी जर्जर है जिसके कारण आमजनता का इस सड़क से आवागमन बंद हो गया है; यदि हाँ तो सरकार इस सड़क को निर्माण कबतक कराने की विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## फाल(स्लूइस गेट )निर्माण करना

***1420 Shri. Rishi Kumar (220) (Obra ):**

**Water Resources** क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड के खुदवा पंचायत के ग्राम कलेन में सोनवर्षा वितरणी के 25.76 आर०डी०की बायीं तरफ से निसृत सागरपुर वाटर कोर्स (जलवाहा) के 1.5 आर० डी० पर अवस्थित फाल जीर्ण - शीर्ण अवस्था में है, जिसके कारण किसानों की 200 से 250 एकड़ जमीन सिंचाई से वंचित रह जाती है तथा वर्षा के समय अत्यधिक पानी हो जाने के कारण खेत जलमग्न हो जाता है, यदि हाँ ,तो सरकार कब तक उक्त स्थान पर फाल निर्माण कराने का विचार रखती है नही, तो क्यों ?

----

## सिंचाई सुविधा बहाल कराना

***1421 Shri. Sudhanshu Shekhar (31) (Harlakhi):**

**Minor Water Resource :-**

क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के बिहारशरीफ प्रखंड के पंचाने नदी से निकलने वाली दीपनगर, नवीनगर, उमेदनगर, जोरारपुर, डुमरावां, गोलापुर इत्यादि गांवों के पईन में गाद जमा हो गया है,
2. क्या यह बात सही है कि उक्त पईन से नूरसराय प्रखंड के मकनपुर, बेलदारी, बड़ारा दीरीपर, सरदार विगहा, कखडा, मणडाछ, पथरौरा एवं मेयार गाँव तक सिंचाई होती है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पईनों की गाद की सफाई कराकर सिंचाई सुविधा बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का चौड़ीकरण

***1422 श्रीमती अरूणा देवी** (239) (**वारसलीगंज** )ः

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत झौर मोड़ से कोचगॉव तक पी.डब्लू.डी. पथ 5 कि0मी0 नाला रहित सिंगल लें होने के कारण इस प्रथ पर प्रायः जाम लग जाती है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का चौड़ीकरण के साथ नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का चौड़ीकरण

***1423** Smt. Nitu Kumari (236) (Hisua )ः

Road Construction क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-क्या यह बात सही है कि नवादा जिला अंतर्गत हिसुआ गया रेलवे गुमटी से नवादा सदभावना चौक तक रोड़ पर अत्यधिक ट्रैफिक दबाव रहता है और उक्त सड़क के चौडीकरण नहीं होने से आमजन को आवागमन में काफी दिक्कतों और प्रतिदिन जाम का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पदाधिकारी का पदस्थापन

***1424 श्री बीरेन्द्र सिंह** (234) (**वजीरगंज** )ः

**लघु जल संसाधन :-**

क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बातलाने की कृपा करेंगे कि-

क्या यह बात सही है कि अधीक्षण अभियंता, मगध प्रक्षेत्र , लघु सिंचाई अंचल, गया के पद का प्रभार निकटवर्ती स्थानीय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गया को न देकर कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, पटना को दे दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सरकारी सेवकों के स्थानान्तरण एवं पदस्थापन के संदर्भ में बनाये गये कार्यपालिका नियमावली के आलोक में अधीक्षण अभियंता, मगध प्रक्षेत्र , लघु सिंचाई अंचल, गया के पद से कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, पटना को पदमुक्त करते हुए किसी अन्य पदाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## नाला का निर्माण

*1425 Shri. Bhim Kumar Singh (219) (Goh):

Road Construction क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत पचरूखिया देवहरा मुख्य पथ से कोइलवां, चनहर होते हुए पौथू तक सड़क काफी जर्जर हो चुका है नाला का निर्माण भी नहीं कराया गया है , यदि हाँ तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का कब तक मरम्मति कराने एवं नाला का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नही तो क्यों?

----

## नदी से गाद निकलाना

*1426 **श्री निरंजन कुमार मेहता** (71) (**बिहारीगंज**):

**जल संसाधन :-**

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के पैमार नदी के माली साढ़ बराज के उपर नदी में 05 किमी तक गाद भरा है, जिसके कारण वराज में पानी बहुत कम रहता है, जिससे सिंचाई कार्य में परेशानी होती है, तथा भूजल स्तर भी नीचे चला गया है, यदि हाँ तो सरकार उक्त नदी का कबतक गाद निकालने की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## आई0टी0आई0 कॉलेज खोलना

*1427 **श्री ललन कुमार** (154) (**पिरपैंती** ):

**श्रम संसाधन :-**

क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड में आई0टी0आई कॉलेज

नहीं है;

2. क्या यह बात सही है कि आई0टी0आई कॉलेज नहीं रहने के कारण छात्र/छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने हेतु 40 किलोमीटर की दूरी तय कर भागलपुर जाना पड़ता है तथा अनेकों छात्र-छात्राएं बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में आई0टी0आई0 कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नही, तो क्यों?

----

## सिंचाई योजना का पुनः निर्माण कार्य

***1428 Smt. Jyoti Devi (228) (Barachatti ):**

**Minor Water Resource** क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे - क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत प्रखंड बाराचटटी में गोखुला नदी पर मौनवां झोड वृहद सिंचाई योजना को वर्ष 2003-04 में शामिल कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था किंतु बाद में निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है, जिससे इस क्षेत्र के कई गावों के किसान निराश हो गये है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मौनवां झोंड सिंचाई योजना का पुनः निर्माण कार्य प्रारम्भ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## ड्रोनेज का निर्माण

***1429 Smt. Gaytri Devi (25) (Parihar):**

**Road Construction** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड अंतर्गत सोनबरसा बाजार में एनएच 77 ओल्ड एलायमेंट में क्रॉस डेनेज मात्र 30 फीट में नहीं होने से घरों में एवं सड़कों पर नाला का गंदा पानी भरा रहता है, जिसके कारण लोग बीमार हो रहे है, यदि हाँ, तो सरकार सोनबरसा बाजार में एनएच 77 ओल्ड एलायमेंट में 30 फीट क्रॉस ड्रेनेज का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## जन प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाना

*1430 **श्री मुकेश कुमार रौशन** (126) (**महुआ** ):

**पंचायती राज** क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि राज्य में पंचायत जन प्रतिनिधियों का मानदेय काफी कम है ; यदि हॉ तो सरकार जिला परिषद् अध्यक्ष का मानदेय 25000, जिला परिषद् सदस्य का 20000, प्रमुख 18000, मुखिया 15000, पंचायत समिति सदस्य 12000, सरपंच 10000 एवं पंच/वार्ड सदस्य का मानदेय 8000 करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क की मरम्मती के संबंध में

*1431 Shri. Suryakant Paswan (147) (Bakhri ):

**Rural Development** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
1. क्या यह बात सही है कि बेगुसराय जिले के मटिहानी प्रखंड अंतर्गत सफापुर पंचायत में सफापुर से मीनापुर तक, जो कि पी०एम०जी०एस०वाई० के तहत आता है, सड़क पूर्णतः जर्जर हो गयी है;
2. क्या यह बात सही है कि बलिया प्रखंड के विशुनपुर दियारा भवानंदपुर सड़क पिछली बाढ़ के कारण गड्ढे में तब्दील हो चुकी है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़कों की मरम्मति एवं सुद्दढीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पथ का चौड़ीकरण

*1432 Shri. Tejashwi Prasad Yadav (128) (Raghopur, Vaishali):

Road Construction :-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत जढुआ से बिदुपुर होते हुए एन.एच. पथांश की स्थिति जर्जर है; जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों के आवागमन एवं मरीजों को अस्पताल आदि ले जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त एन.एच. के अन्तर्गत जढुआ बिदुपुर पथ के उन्नयन एवं चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

*1433 Shri. Lal Babu Prasad Gupta (20) (Chiraia):

Rural Works :-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत चिरैया प्रखंड के परेवा फॉर्म हाउस से सगरदीना नुरुल्लाहपुर तक 03 किलोमीटर सड़क जर्जर स्थिति में है. जिससे छोटे बड़े वाहनों के साथ-साथ आमजनता को आवागमन में भारी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार परेवा फॉर्म हाउस से सगरदीना नुरुल्लाहपुर तक 03 किलोमीटर जर्जर सड़क का निर्माण कार्य कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## बोल्डर पिचिंग (पक्का बांध) का निर्माण कार्य

***1434 Shri. Ram Singh (04) (Bagaha):**

**Water Resources** क्या मंत्री ,जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत बगहा नगर परिषद के कालीघाट, गोरियापट्टी, दीनदयाल नगर, पारस नगर रतनमाला, कैलाशनगर होते हुए पुअर हाउस तक लगभग नगर परिषद के 12 वार्ड गंडक नदी के किनारे अवस्थित है, जिसमें निवास करने वाले लगभग 20 हजार लोगों को बरसात के दिनों में कटाव की समस्या से जूझना पड़ता है; यदि हाँ तो सरकार बगहा नगर परिषद के इन उक्त 12 वार्डों की समस्या को देखते हुए कब तक काली घाट से पुअर हाउस तक गंडक नदी के किनारे बोल्डर पिचिंग (पक्का बांध) का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नही तो क्यों ?

----

## पुलिया निर्माण

***1435 श्री रामवृक्ष सदा (148) (अलौली):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि खगडिया जिला के अलौली विधानसभा अंतर्गत अलौली प्रखंड के हथवन पंचायत में बागमती नदी पर गड़बनी और बथनाहा के बीच जर्जर एवं पुराना लोहे का पुल है, जिस पर आवागमन में काफी कठिनाई होती है, इस जर्जर लोहे के पुल को पार करने में कभी भी दुर्घटनाएं घटित हो सकती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर आरसीसी पुलिया निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## पथ हस्तांतरित करना

***1436 Dr. Alok Ranjan (75) (Saharsa):**

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने के कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग के पत्रांक 178/गो. (अनु.) दिनांक 01.07.2020 द्वारा राज्य के शहरी क्षेत्रों / यातायात के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों के बाईपास के निर्माण की योजना तैयार करने हेतु सभी जिला पदाधिकारी को निदेशित किया गया था, जिसके आलोक में कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल सहरसा के द्वारा इस पथ के लिए आवश्यक करवाही के लिए पथ निर्माण विभाग को भेजा गया था;
2. क्या यह बात सही है कि 2020 से अबतक ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा इस पथ का हस्तांतरण पथ निर्माण विभाग को नहीं किया गया है, 4. क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के निर्माण हो जाने से सहरसा के बायपास के रूप में इस सड़क का काफी उपयोग होगा, यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार इस पथ को पथ निर्माण विभाग में हस्तांतरित करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

***1437 Md. Afaque Alam (58) (Kasba, Purnia):**

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि पूर्णियॉ जिलान्तर्गत श्री नगर प्रखण्ड के बलुआ गॉव के बलुआधार पर पुल नहीं रहने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है जबकि घाट के दोनों तरह पक्की सड़क का निर्माण किया गया है, यदि हॉ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## अंडरपास का निर्माण

***1438 Shri. Ajit Kumar Singh (201) (Dumraon ):**

**Road Construction :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग - 922 के किनारे बसे कृष्णाब्रह्म, नया भोजपुर, प्रतापसागर सहित अन्य आबादी वाले क्षेत्रों में सर्विस रोड, फुट ओवर ब्रिज और अंडरपास के अभाव में पैदल यात्रियों, साइकिल चालकों और दोपहिया वाहन चालकों के 70% से अधिक मौतें तेज गति से चलने वाले वाहनों से हुई हैं; यदि हाँ तो, सरकार यात्रियों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर सर्विस रोड, फुट ओवर ब्रिज और अंडरपास के निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कटाव निरोधी कार्य

*1439 Shri. Manohar Prasad Singh (67) (Manihari):

Water Resources क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड में लखनपुर पंचायत अन्तर्गत हटकोला स्कूल के पास, बड़ा लखनपुर मध्य टोला तक कटाव निरोधी कार्य किया गया है, लेकिन रुस्तम हाजी के घर से नूर इस्लाम चाय दुकान तक 200 मीटर खाली रहने से पानी बड़ा लखनपुर में घुस जाता है, यहाँ झुमरा टोला अबीदुर के घर से फैजुल मास्टर के घर तक कटाव है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर कटाव निरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## सड़क के जिर्णोधार

*1440 Shri. Pramod Kumar Sinha (10) (Raxaul):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतगर्त रक्सौल प्रखंड के पनटोका पंचायत में ICP NH हरैया थाना के बगल से सिवान टोला जाने वाली पथ तक कच्ची सड़क होने से आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोधार कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

*1441 **श्री शिव प्रकाश रंजन** (195) (**अगिआंव** ):

**ग्रामीण कार्य** :-

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखण्ड के आरा-सासाराम मुख्य पथ के ग्राम सेमरॉव से इंग्लिश टोला होते हुए ग्राम बहरी तक जाने वाली सड़क अत्यंत ही जर्जर हो चुकी है, आये दिन लोग दुर्घटना का शिकार होते हैं, यदि हाँ,तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## समाधान करना

***1442 Shri. Vinay Bihari (05) (Lauriya):**

**Water Resources** क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिला के सभी छोटी - बड़ी नदियों में बालु - पत्थर, गाद आदि जमा हो जाने से नदियों की गहराई समाप्त हो गयी है, जिसके कारण बरसात के दिनों में बाढ़ का पानी बसावट वाले क्षेत्रों में फैलने से आमजन विस्थापित होने को मजबूर हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जिला के नदियों के गाद निकालकर बसावटी क्षेत्रों में होने वाली बाढ़ की समस्या एवं पानी की बर्बादी का स्थाई समाधान कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

***1443 श्री अमरजीत कुशवाहा (106) (जीरादेई):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सिवान जिला अंतर्गत मैरवा प्रखंड के सिरिसया ग्राम के मठिया लोहा पुल से दक्षिण टोला होते हुए कब्रिस्तान तक एवं दलित बस्ती होते हुये लोहा पुल तक कच्ची सड़क जर्जर स्थिति में है, लोगो को आवागमन में काफी परशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## नदी से गाद की उड़ाही करवाना

***1444 Shri. Niranjan Roy (88) (Gaighat ):**

**Water Resources** क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि मुजफफरपुर जिलान्तर्गत गाय घाट प्रखंड के सियासी नदी में काँटा पिरोछा दक्षिणी सियारी पुल से बलौर निधि तक नदी में गाद जमा हो जाने से आसपास के हजारों एकड़ भूमि के फसल की बर्बादी के साथ साथ लगभग 15 पंचायतों के आमजनों के जान माल का भी नुकासान होता है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी से गाद की उड़ाही करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## मार्केटिंग काम्प्लेक्स का निर्माण

***1445 श्री मुहम्मद इजहार असफी (55) (कोचाधामन):**

**भवन निर्माण :-**

क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत-55, कोचाधामन विधान सभा, प्रखण्ड-कोचाधमन के डेरामारी में मार्केटिंग कॉम्प्लेक्श का निर्माण कार्य भवन निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है?
2. क्या यह बात सही है कि अधिकारियों एवं संवेदक की मिलीभगत से मार्केटिंग कॉम्प्लेक्श के निर्माण कार्यों में घोर अनियमितता बरती जा रही है?
3. यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार जाँचोपरांत गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का विचार रखती हैं, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## सड़क निर्माण के संबंध मे।

*1446 Shri. Shamim Ahmad (12) (Narkatiya):

Rural Works :-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें किः-

क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत कार्य प्रमण्डल मोतिहारी अधीन बंजरिया प्रखण्ड के NH28A भेला छपरा से मोखलिशपुर होते हुए गोबरी तक सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, इस सड़क के जीर्ण-शीर्ण हो जाने के कारण यात्रीयों को काफी असुविधा हो रही है, यदि हाँ तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## मजदूरी देना

*1447 **श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह** (221) (**नबीनगर** ):

**ग्रामीण विकास** स्थानीय दैनिक समाचार पत्र के दिनांक-19.02.2025 के अंक में प्रकाशित “मनरेगा : बिहार के 20 लाख परिवारों को 1131 करोड़ रूपये मजदूरी बकाया” शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
1. क्या यह बात सही है कि राज्य में मनरेगा मजदूरों को अभी तक लगभग 1131 करोड़ रूपये का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे राज्य के लगभग 20 लाख परिवारों को मजदूरी नहीं मिल पाई है, जिससे उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न है, यदि हाँ, तो 1131 करोड़ रूपये राशि के मजदूरी का भुगतान लंबित रहने और 20 लाख परिवारों को मजदूरी नहीं मिलने का क्या औचित्य है?

----

## डैम के फाटक की मरम्मती

*1448 Dr. Nikki Hembrom (162) (Katoria):

Minor Water Resource क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि बांका जिले के कटोरिया प्रखंड अंतर्गत चांदन डैम के एक फाटक खराब होने से डैम में पानी संरक्षित नहीं हो पाता है, जिसके कारण सिंचाई के समय पानी की आपूर्ति नहीं हो पाता है; यदि हाँ तो सरकार उक्त फाटक की कब तक मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यो?

----

## पथ का चौड़ीकरण

*1449 **श्री संजय कुमार गुप्ता** (30) (**बेलसंड**):

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत चंदौलीपुल से बेलसंड नगर तक पीडब्लूडी रोड जिसकी दूरी 3.75 किमी है, चौडीकरण नहीं होने के कारण हमेशा बाजार में जाम लगा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित पथ का चौड़ीकरण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

*1450 **श्री शम्भू नाथ यादव** (199) (**ब्रह्मपुर** ):

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि:-

1. क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रहम्पुर विधान सभा अन्तर्गत ब्रहम्पुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत बैरिया के ग्राम-बलुऑ में गोकुल जलाशय पर पुलिया का निर्माण नहीं होने से चक्की पंचायत के जवही दियर, चक्की प्रखण्ड मुख्यालय एवं ब्रहम्पुर मुख्यालय का आवागमन से प्रभावित होता है, यदि हाँ, तो सरकार गोकुल जलाशय पर पुलिया का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## पुल/पुलिया का निर्माण

*1451 Shri. Pramod Kumar (19) (Motihari):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण योजना के पत्रांक-73, दिनांक-17.02.2025 के माध्यम से मोतिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत लगभग 45

जर्जर पथों के मरम्मती हेतु स्वीकृत हुआ है, जिसमें क्रमांक-685, प्रोजेक्ट आईडी-517823615124907 एल-069, एल-032 से पूर्वी टिकुलिया भाया धोबी टोला भी स्वीकृत हुआ है;(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) के स्वीकृत पथ में एक पुलिया लगभग 06 मीटर का ध्वस्त हो गया है, जिसके कारण आवा-गमन बाधित है;3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार खण्ड-(2) के ध्वस्त पुलिया का निर्माण कराते हुए खण्ड-(1) के स्वीकृत पथों में जो भी ध्वस्त पुलिया है उसका निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क निर्माण कार्य

*1452 Shri. Umakant Singh (07) (Chanpatia):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत चनपटिया प्रखंड के पश्चिमी तुरहापट्टी पंचायत में "चमैनिया विनोद राम के घर से मुसहर टोली गरभुआ" जाने वाली सड़क कच्ची एवं जर्जर अवस्था में है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त सड़क निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## गांव को सड़क से जोड़ना

*1453 Shri. Prahlad Yadav (167) (Suryagarha ):

Road Construction :-

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के पिपरिया प्रखंड के वलीपुर कोथलवा ग्रामीण कार्य विभाग सड़क से पथुआ गांव एवं कल्हरपुर गांव सड़क से वंचित है;

2 क्या यह बात सही है कि दोनों गांव की आबादी पाँच हजार से ज्यादा है और किसी दिशा से सड़क नहीं रहने के कारण आम आदमी को कहीं जाने में कठिनाई होती है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो, सरकार उक्त गांव को सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## पथ आर ओ बी का निर्माण

*1454 **श्री आलोक कुमार मेहता** (134) (**उजिआरपुर** ):

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत दलसिंहसराय शहर में 32 नं0 रेलवे गुमटी पर उपरी पार पथ आर ओ बी के निर्माण की योजना की स्वीकृति पिछली सरकार में मिल चुकी थी, परन्तु इसका कार्यान्वयन अभी तक नहीं किया गया हैं,
2. क्या यह बात सही है कि एक तरफ शहर के बीचों बीच 32 नं0 रेलवे गुमटी दिन में 10-15 बार 20 से 30 मिनटों तक बंद रहती है, तो दूसरी तरफ उक्त गुमटी से क्रॉस करनेवाली पीडब्लूडी की महत्वपूर्ण और उच्च दबाव वाली सड़क (विद्यापति नगर दलसिंहसराय सिंघिया पथ) है इसकी वजह से एम्बुलेंस पर मरीज लम्बे जाम की वजह से अस्पताल समय पर नहीं पहुँचने के कारण दम तोड़ देते है,
3. यदि उपर्युक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित उपरी पार पथ आर ओ बी का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## पथ के दोनों ओर नाला का निर्माण

*1455 Shri. Hari Narayan Singh (177) (Harnaut ):

Road Construction :-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने का कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-20 (रजौली-बख्तियारपुर) खण्ड के चार लेन निर्माण में नालन्दा जिला अन्तर्गत हरनौत बाजार क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर जल जमाब की समस्या उत्पन्न हो गयी है,

2. क्या यह बात सही है कि इस समस्या के निदान हेतु जिला पदाधिकारी, नालन्दा के पत्रांक-1197/भू0अ0 दिनांक-19/05/2023 द्वारा क्षेत्रीय अधिकारी, पटना को पत्र भेजा गया है,

3. क्या यह बात सही है कि इस संबंध में परियोजना निदेशक, छपरा के पत्रांक-765 दिनांक-11/09/2023 के माध्यम से जिला पदाधिकारी, नालन्दा को अवगत कराया गया कि दिनांक-11/09/2023 को अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण विभाग बिहार, पटना की अध्यक्षता में आहुत बैठक में उपरोक्त नाला का निर्माण एवं खर्च का वहन बिहार सरकार के द्वारा करने का निर्णय लिया गया है,

4 . यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार हरनौत बाजार क्षेत्र में पथ के दोनों ओर नाला का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का चौडीकरण

*1456 Shri. Syed Ruknuddin Ahmad (57) (Baisi):

Road Construction क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिला के बायसी विधान सभा क्षेत्र के डगरूआ प्रखण्ड के बरसोनी चौक के एन0एच0-31 से मोहम्मदिया होते हुए कस्बा जाने वाली पी0डब्लू0डी0 सड़क के चौड़ीकरण नहीं होने से आये दिन दुर्घटनायें होती रहती है, साथ ही आवागमन में काफी कठिनाई होती है एवं प्रतिदिन जाम लगा रहता है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को नए सिरे से चौड़ीकरण करते हुए कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## कारवाई करना

***1457 श्री जितेंद्र कुमार** (171) (**अस्थावां** ):

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के बिंद प्रखंड के कथराही पंचायत में एक वर्ष पूर्व एल059 से ग्राम मकनपुर तक सड़क का निर्माण किया गया था, परन्तु इस सड़क का निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण एवं प्रक्कलन के अनुरूप नहीं होने के कारण समय पूर्व ही जर्जर एवं खराब हो गयी हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के निर्माण से जुड़े संवेदको एवं अभियंताओं के विरूद्ध कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## पक्की सड़क का निर्माण

***1458 श्रीमती मनोरमा देवी** (232) (**बेलागंज** ):

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के नगर प्रखंड चंदौती के औरवां पंचायत के पथरौरा गांव से भूखन बीघा महादलित टोला होते हुये चपरदह तक 2 किमी की सड़क कच्ची रहने के कारण भूखन बीघा महादलित टोला एवं चपरदह के ग्रामीणों सहित छात्रा छात्राओं एवं किसानों का आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार पथरौरा ग्राम से भूखनबीघा महादलित टोला होते हुये चपरदह तक दो किमी पक्की सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

*1459 Shri. Vidya Sagar Keshari (48) (Forbesganj):

Water Resources क्या मंत्री , जल संसाधन विभाग , यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि :- 1.क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज नगर परिषद स्थित सीताधार गाद एवं अतिक्रमण से संकीर्ण होता जा रहा है जिससे प्रतिवर्ष बरसात के महीनों मे शहर को बाढ़ का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सीताधार को अतिक्रमण मुक्त करा कर जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत 50 फिट पक्की नहर एवं दोनों किनारे सड़क निर्माण सहित वृक्षारोपण कराने का विचार रखती है , नहीं तो क्यों ?

----

## तटबंध् का निर्माण

*1460 Shri. Karnjeet Singh Alias Vyas Singh (109) (Daraunda ):

Water Resources क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत सिसवन प्रखंड के ग्यासपुर से गंगपुर सिसवन गांव तक घाघरा नदी का कटाव अत्यधिक होने के कारण प्रतिवर्ष सैकड़ों एकड़ की फसल बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार घाघरा नदी पर ग्यासपुर से गंगपुर सिसवन गांव तक कबतक तटबंध् का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

*1461 **श्री छत्रपति यादव** (149) (**खगड़िया**):

**जल संसाधन** क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अंतर्गत खगड़िया प्रखण्ड के उत्तरी भदास पंचायत के संतोष पुल के कोशी नदी नहर किनारे पी.डब्लू.डी. पथ से बाए तरफ राजाजान वभना के अंत तक तथा दाये तरफ बांध् तक सड़क नहीं होने के कारण दलित एवं पिछड़े वर्ग के परिवार को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## पथ का निर्माण

*1462 Shri. Amar Kumar Paswan (91) (Bochahan ):

Rural Works क्या मंत्री , ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि बोचहां विधानसभा क्षेत्र के प्रखण्ड मुशहरी, ग्राम-खबड़ा उर्फ

किरतपुर गुरूदास, ग्राम-रघुनाथ वार्ड नं0-10 के महादलित बस्ती-टोला में सड़क संपर्क पथ नहीं हैं;

2. क्या यह बात सही है कि प्रखंड मुशहरी, ग्राम-खबड़ा उर्फ किरतपुर गुरूदास, ग्राम-रघुनाथ वार्ड नं0-10 के महादलित बस्ती में लगभग 100 सौ से अधिक महादलित परिवार रहते हैं, इस महादलित बस्ती-टोलों में सड़क संपर्क पथ नहीं रहने से आम जनता को काफी कठिनाईयों का समना करना पड़ता है;

3 . यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार प्रखंडों के महादलित बस्ती-टोलों में सड़क संपर्क पथ निर्माण कराने का विचार रखती है, हॉ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## जीर्णोद्यार कार्य

***1463 श्री संतोष कुमार मिश्र (209) (करगहर):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत करगहर प्रखंड के ग्राम खखरा रजवाहा जर्जर स्थिति में है, जिससे किसानों को सिंचाई कार्य में परेशानी होती है और फसले खराब हो जाती है,

2 . क्या यह बात सही है कि लोक प्राधिकारी सह कार्यपालक अभियंता, गंगा पंप नहर प्रमंडल, चौसा, बक्सर ने अपने प्रतिवेदन पत्रांक 584 दिनांक 28.05.2024 से प्रतिवेदित किया है कि 20 घनसेक एवं उससे कम जलश्राव वाले लघु नहरों एवं जलवाहों के पुर्नस्थापन एवं जीर्णोद्यार कार्य मनरेगा के द्वारा कराया जाना है,

4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार खसरा राजवाहा का जीर्णोद्यार कार्य मनरेगा से कराने का विचार रखती है, कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## कटाव निरोधक कार्य

***1464 Shri. Pranav Kumar (165) (Munger):**

**Water Resources :-**

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि, क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत जाफरनगर पंचायत जो गंगा पार बेगूसराय जिला के पास है, गंगा नदी के नजदीक होने के कारण इस पंचायत के वार्ड संख्या 1,2,3,4,5,7 एवं 8 का कटाव धीरे-धीरे हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत के सभी वार्डों में कबतक कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं. तो क्यों ?

----

## नहरों में पानी उपलब्ध कराना

***1465 Shri. Amrendra Kumar Pandey (102) (Kuchaikote ):**

**Water Resources** क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत सारण नहर प्रमण्डल के हरपुर माइन नहर एवं गुलौता माइन नहर में अब तक पानी नही आ रहा है; यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त नहरों मे सुचारु रुप से पानी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नही तो क्यो ?

----

## कटाव निरोधक कार्य कराना

***1466 श्रीमती मीना कुमारी (34) (बाबूबरही):**

**जल संसाधन :-**

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लदनियां प्रखंड के अंतर्गत धर्मवन गांव के धर्मवन चौक से खाजेडिह चौक तक त्रिशुला नदी से कटाव हो रहा है, जिससे नदी के किनारे पर अवस्थित आवासित कई घरों का आस्तित्व खतरे में है, यदि हां तो सरकार उक्त गांव में कबतक कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## ओवर ब्रिज का निर्माण।

***1467 Shri. Ajay Kumar Singh (166) (Jamalpur, Munger):**

**Road Construction :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत बरियारपुर प्रखंड के रतनपुर गांव से बरियारपुर बस्ती होते हुए पथ निर्माण विभाग की सड़क, एन०एच० - 333 में मिल जाती है, और रतनपुर एवं बरियारपुर बस्ती के बीच सड़क से रेलवे लाईन गुजरती है;
2. क्या यह बात सही है रेल लाईन पर ऊपरी पुल के निर्माण नहीं होने से आए दिन ट्रेन से दुर्घटना में 64 लोगों की अबतक मृत्यु हो चुकी है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो, क्या सरकार उक्त सड़क पर रेलवे ओवर ब्रिज बनाने का विचार रखती है; हाँ, तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## चेक डैम का निर्माण

***1468 Shri. Birendra Prasad Gupta (09) (Sikta):**

Minor Water Resource :-

क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला अंतर्गत मैनाटांड़ प्रखंड के पीड़ारी पंचायत के झझरी गांव के पश्चिमी सरेह से गुजरने वाली रागी जल धारा सालों भर चलने वाली जल धारा है। जो 2017 की बाढ़ में कोड़ेना नदी में मिल गयी हैं, जिससे उसकी मूल धारा में पानी नहीं रहने के कारण दर्जनों गांव की सिंचाई नहीं हो रही है;

2. क्या यह बात सही है कि मैनाटंड़ प्रखंड के घोड़पकड़ी गांव के पास नेपाल से आने वाली जल धारा पर चेक डैम्प नहीं होने से बीस से अधिक गांव की सिंचाई नहीं हो रहीं है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त दोनो जगहों पर बांध का निर्माण कार्य कराकर कबतक 30 से अधिक गांवों की सिंचाई की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

***1469 श्री रणविजय साहू (135) (मोरवा ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ताजपुर प्रखंड अंतर्गत फतेहपुर वाला पंचायत एनएच 28 हनुमान मंदिर के निकट से महेश मेहता के घर की तरफ जाने वाली सड़क, जिसका सर्वे आईडी 31443 है, यह सड़क काफी जर्जर हो जाने के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हां तो, सरकार कब तक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## प्रखंड कार्यालय का नया भवन का निर्माण

***1470 Shri. Arun Shankar Prasad (33) (Khajauli):**

**Rural Development** क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के जयनगर प्रखंड का कार्यालय भवन 50 वर्ष से अधिक पुराना होने के कारण जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे आम लोगों के साथ

साथ प्रखंड कर्मियों को अपना कार्य निपटारा में कठिनाई एवं जान माल का खतरा बना रहता है; यदि हाँ तो सरकार कबतक बासोपटटी एवं खजौली प्रखंड के तर्ज पर उक्त प्रखंड कार्यालय का नया भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## अभियंता एवं संवेदक करवाई

*1471 **श्री मुकेश कुमार यादव (27) (बाजपट्टी):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल पुपरी अंतर्गत प्रखंड बोखडा में मोहम्मद जफीरूल के घर से पीएमजीएसवाई खड़का धर्मपुर पथ जिसका प्राक्कलित राशि 4656572/ लाख रूपये की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत संवेदक रामबाबुराय घेसौत, सिवाईपटटी, मीनापुर (मुजफ्फरपुर ) द्वारा बनाया गया सड़क बने अभी दो वर्ष भी नहीं हुआ है लेकिन सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि लगता है कि 10-15 वर्ष पहले सड़क निर्माण हुआ हो , यदि हां तो सरकार इसका जांच कराकर दोषी अभियंता एवं संवेदक के विरूध् कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों?

----

## नाला का निर्माण

*1472 Shri. Ram Bali Singh Yadav (217) (Ghosi ):

Road Construction :-

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के काको प्रखंड अंतर्गत काजी सराय, इमलिका चक, चानबूदर, बेमई गांव, घोसी प्रखंड के घोसी बाजार तथा वंशी बिगहा गांव व हुलासगंज प्रखंड में लोदीपुर गावं के सामने सड़क पर पानी गिर रहा है;

2. क्या यह बात सही है कि आर सी डी सड़क निर्माण के समय गांवों में सड़क किनारे नाला नहीं होने के कारण घरों का पानी सडक पर गिरने से सड़कें खराब हो रही है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त वर्णित जगहों पर नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मानदेय में वृद्धि

*1473 Shri. Narayan Prasad (06) (Nautan):

**Panchayati Raj :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि-

1. क्या यह बात सही है कि ग्राम कचहरी में विधित कार्यो में सहयोग दे रहे ग्राम कचहरी सचिवों का मानदेय सरकार द्वारा निर्धारित राशि से भी कम मात्र 6000 रूपयें प्रतिमाह भुगतान किया जा रहा है;
2. क्या यह बात सही है कि वर्ष 2007 में ग्राम कचहरी सचिव/पंचायत रोजगार सेवक/ किसान सलाहकार/विकास मित्र एवं आवास सहायकों की भी नियुक्ति हुई थी जिसमें ग्राम कचहरी सचिव को छोडकर सभी कर्मियों के मानदेय में समय-समय पर निरंतर वृद्धि की गई है;
3. यदि उपर्युक्त खंडो के उतर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार ग्राम कचहरी के सचिवों के मानदेय में वृद्धि तथा सेवा काल 60 वर्ष करने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नही तो क्यो ?

----

## नाला पर सड़क

***1474 श्री भारत भूषण मंडल (40) (लौकहा):**

**ग्रामीण कार्य** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गाय घाट प्रखंड के ग्राम पंचायत लदौरा पश्चिवारी टोला में आजादी से लेकर आजतक सड़क नहीं बनायी गयी है जिससे लोगों को आने जाने में कठिनाई हो रही है जबकि कन्या मध्य विद्यालय के उत्तर पश्चिम में सरकारी नाला है जिसका खात नं0 1770 एवं 1771 खेसरा नं0 1621 एवं 1761 है यदि हां तो सरकार उक्त नाला पर सड़क बनाकर लोगों को आने जाने का सुविधा कबतक प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पथ का निर्माण

***1475 Shri. Rampravesh Rai (100) (Barauli ):**

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझी-बरौली पीच रोड से माडनपुर गॉव होते हुए कमालपुर होकर कहला-पिपरा पीच रोड एवं बतरदेह पकड़ी टोला से सिवान सरफरा पथ में मिलने वाली पथ अत्यंत जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## सड़क का पक्कीकरण

***1476 श्री देवेश कान्त सिंह** (111) (**गोरियाकोठी**)**:**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि सरकार में छूटे हुए टोलों/बसावटो को बारहमासी सम्पर्कता प्रदान करने के लिए मोबाईल एप से सर्वेक्षण कराया है;

2. क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के महाराजगंज कार्य प्रमण्डल अन्तर्गत लकड़ी नवीगंज प्रखण्ड के महुआरी बाजार से तक्थटोला (मोबाईल सर्वे आईडी-95034) एवं गोरेयाकोठी प्रखण्ड के खग्नी से गोपालपुर आर.सी.डी. रोड (मोबाईल सर्वे आईडी-78857) तक जाने वाली कच्ची सड़क गड्ढ़े में तब्दील है, जिसके कारण प्रायः सड़क दुर्घटनाये होती रहती है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों सड़कों को यथाशीघ्र पक्कीकरण कराते हुए छूटे हुए टोलो/बसावटो को सम्पर्कता प्रदान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## लाईटों की मरम्मती

***1477 श्रीमती संगीता कुमारी** (204) (**मोहनिया**)**:**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि राजधानी पटना स्थित एम्स से दीघा जाने वाली नहर के पश्चिमी छोर पर बनी सड़क जो दीघा होते हुये जेपी सेतु तक जाती है, पर लगी स्ट्रीट लाइटें पिछले एक वर्ष से खराब है जिसके कारण लोगों को रात में आवागमन में कठिनाई हो रही है तथा प्रायः दुर्घटनायें होती रहती है; यदि हां , तो सरकार उक्त पथ पर लगे खराब स्ट्रीट लाईटों को कबतक मरम्मत कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क सह पुल का पक्कीकरण

***1478 Shri. Dhirendra Pratap Singh alias Rinku Singh (01) (Valmiki Nagar):**

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पं0 चम्पारण जिलान्तर्गत मधुबनी प्रखंड के खोतहवा पंचायत में दहवा खोतहवा मुख्य सड़क के नंदलाल गुप्ता के खेत से (महादलित टोला) विरेन्द्र पासवान के घर तक एवं मधुबनी प्रखंड के नैनाहा ढ़ाला से गांव होते

हुए नैनाहा थाना तक सड़क सह पुल कच्ची होने के कारण छोटे एवं बड़े वाहन के आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो सरकार उक्त सड़क सह पुल का पक्कीकरण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## सड़क का पक्कीकरण कराना

*1479 **श्री राजेश कुमार सिंह** (104) **(हथुआ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत फुलवरिया प्रखंड के ग्राम पंचायत राज कोयलादेवा के बनियाछापर गावं के चहारमुहानी से पूरब की तरफ की सड़क कच्ची एवं क्षतिग्रस्त है यदि हां तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सड़क को चौड़ा कर पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## कच्ची सड़क को पी०सी०सी० कराना

*1480 Shri. Rakesh Kumar Roushan (174) (Islampur, Nalanda ):

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारी शरीफ प्रखंड अंतर्गत बगड़ा रोड से निरपुरा ग्राम तक जाने वाली सड़क में निरपुरा हनुमान मंदिर से संगीता देवी के घर तक 100 मीटर 14 फीट चौड़ी सड़क कच्ची रहने के कारण उक्त मुहल्ला के 100 से अधिक लोगों को यातायात में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को कबतक पी०सी०सी० कराना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## बुढ़ीगंडक नदी से पंचायतों में हो रहे कटाव रोकना

*1481 **श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव** (90) **(मीनापुर):**

**जल संसाधन** क्या मंत्री ,जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर प्रखंड अंतर्गत हरसेर, बाड़ाभारती, रघई एवं चांदपरना पंचायत होकर बुढ़ीगंडक नदी बहती है जिसमें प्रत्येक वर्ष कटाव से हो रहा है, यदि हां तो सरकार उक्त पंचायतों में हो रहे कटाव को कबतक रोकने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## प्रोन्नति देना

*1482 Shri. Shakeel Ahmad Khan (64) (Kadwa):

Water Resources क्या मंत्री, जलसंसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग तथा भवन निर्माण विभाग द्वारा ए०एम०आई०सी०ई० डिग्री धारक कनीय अभियंताओं को सहायक अभियंता में प्रोन्नति दे दी गई है जबकि जलसंसाधन विभाग में उक्त डिग्री धारकों को उक्त पद पर प्रोन्नति नहीं दी गई है, यदि हां तो सरकार कब-तक उक्त डिग्री धारकों को सहायक अभियंता के पद पर प्रोन्नति देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पुलिया का निर्माण

*1483 Shri. Kaushal Kishore (173) (Rajgir ):

Minor Water Resource क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला अन्तर्गत बिहार शरीफ प्रखण्ड के ग्राम पंचायत सरबहदी के कुम्हरी नदी से उच्च विद्यालय माजिदपुर होते हुए माजिदपुर तक पईन की खोदाई (सफाई) विभाग द्वारा की गयी है जो गॉव एवं विद्यालय के बीच से गुजरती है परन्तु पईन में गाईड वाल एवं पुलिया नहीं रहने के कारण गॉव के महादलित परिवारों एवं छात्र-छात्राओं को आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त पईन के दोनों तरफ गाईड वाल एवं उच्च विद्यालय के सामने पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## पुल से क्षेत्र को जोड़ना

*1484 Shri. Sanjiv Chaurasia (181) (Digha ):

Road Construction क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि जेपी सेतु के समानांतर गंगा नदी पर पटना जिला के दीघा से सोनपुर के बीच सिक्स लेन पुल का निर्माण कार्य चल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार इस पुल से नकटा दियारा क्षेत्र को जोड़ने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क को पक्कीकरण

*1485 **श्री मोहम्मद अनजार नईमी** (52) (**बहादुरगंज**):

**पथ निर्माण** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड के देशियाटोली पंचायत में मेहरगंज से काशीबाड़ी जानेवाली सड़क कच्ची रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हॉ, तो सरकार कब तक उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सडक का निर्माण

***1486 श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल''** (35) **(बिस्फी)**:

**ग्रामीण कार्य** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंड अंतर्गत जीवछ चौक से कपलेश्वर तक की सडक जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हां तो सरकार उक्त सडक का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

***1487 श्री विनय कुमार चौधरी** (80) **(बेनीपुर )**:

**ग्रामीण कार्य** :-

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर अनुमंडल के रूद्रपूर थानांतर्गत रूद्रपूर भगवतीपुर आरईओ रोड से श्री गोपीकांग चौधरी पोखरा होते हुए जलालन मुसहरी तक की सड़क की लंबाई डेड किलोमीटर और क्रिज 15 वर्ष से जिर्णशीर्ण है जिसके कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान के 1.5 किमी सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## अतिक्रमण मुक्त

***1488 Smt. Rashmi Varma (03) (Narkatiaganj)**:

**Water Resources** क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग,, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिला अंतर्गत वाल्मीकि नगर से निकलने वाली मुख्य तिरहुत नहर में गाद/सिल्ट जमाव होने तथा सहायक नहरों पर अतिक्रमण करने के कारण सभी नहरों से किसानों को पटवन करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार नरकटियागंज में प्रवाहित होने वाली तिरहुत मुख्य नहर सहित सभी सहायक

नहरों की गाद/सिल्ट सफाई करते हुये कबतक अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

*1489 Shri. Ijaharul Husain (54) (Kishanganj):

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पोठिया प्रखंड के कोलथा पंचायत के पीएमजीएसवाई सड़क मेछावाड़ी से पचछमा बस्ती होते हुये कब्रिस्तान तक सड़क एवं कल्भर्ट नहीं रहने के कारण आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## प्रोन्नति कराना

*1490 **श्री राणा रणधीर** (18) (**मधुबन**):

**लघु जल संसाधन** :-
क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार पटना की अधिसूचना सं0 19300 दिनांक 13.10.2023 के आलोक में 10 प्रतिशत कोटा (डिग्रीधारक) कनीय अभियंता से सहायक अभियंता में प्रोन्नती हेतु एएमआईई/एएमआईसीई समकक्ष अर्हता प्राप्त कनीय अभियंताओं (असैनिक) को सहायक अभियंता (असैनिक) के पद पर प्रोन्नति दिया जाना है, परन्तु अबतक इस विभाग में उक्त प्रोन्नति नहीं दी गयी है;
2. क्या यह बात सही है कि उक्त अधिसूचना के आलोक में पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य अभिंयत्रण विभाग, उर्जा विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा एएमआईइ कोलकता/एएमआईसीई लुदियाना समकक्ष अर्हता प्राप्त पदाधिकारियों को प्रोन्नति दी जा चुकी है,

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक लघु जल संसाधन विभाग में सामान्य प्रशासन विभाग के उक्त अधिसूचना के आलोक में प्रोन्नति देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## नाला का निर्माण

*1491 Shri. Rajesh Kumar (222) (Kutumba ):

Panchayati Raj क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा विधान सभा अन्तर्गत प्रखंड कुटुम्बा के पंचायत महाराजगंज के वार्ड नं0-6 में नाली का निर्माण नहीं होने से वहाँ के गलियों में जल-जमाव की समस्या उत्पन्न हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वार्ड में नाला का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## स्वास्थ कर्मी की नियुक्ति।

***1492 श्री नरेंद्र कुमार नीरज** (153) (**गोपालपुर**):

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नवगछिया प्रखंड के खगड़ा में वर्ष 1954 से बैकुण्ठ दातव्य आयुर्वेदिक अस्पताल स्थापित है;

2. क्या यह सही है कि तत्कालीन चिकित्सक के सेवानिवृति के उपरान्त वर्ष 2001 से यह अस्पताल बंद है, जिससे आमजनों को आयुष चिकित्सा का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है?

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में पर्याप्त संख्या में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी की प्रतिनियुक्ति कर उसे सुचारू ढंग से संचालित करने का विचार रखती है? हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## नहर की गांद की सफाई

*1493 Shri. Chhote Lal Ray (121) (Parsa ):

Water Resources क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-क्या यह बात सही है कि सारण जिलांतर्गत प्रखंड दरियापुर के हरदिया चवर में बरसात एवं बाढ का पानी पंचायत बजहीया, हरना, बारवे, दरिहारा मनपुरा एवं मगरपाल के किसानों का भूमि जल जमाव से भरा रहता है जिसके कारण रबी फसल का खेती समय पर नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायतों से गुजरने वाली नहर की गांद की सफाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## निर्माण कार्य

***1494 श्री कुंदन कुमार** (146) (**बेगूसराय** ):

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025

में (टू कनेक्ट टू 1 टू गोपालपुर आर.डब्लू.डी. रोड एण्ड बीरपुर पी.डब्लू.डी. रोड (एम.डी.आर.) नियर मखाबा) का पुल चयनित हैं;
2. क्या यह बात सही है कि उक्त चयनित पुल एस.टी.ए. के माध्यम से टेक्निकल भिटिंग के अभाव में अबतक प्रशासनिक स्वीकृति अप्राप्त है, जिस कारण पुल का निर्माण कार्य बाधित है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का टेक्निकल भिटिंग के साथ प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कराते हुए यथाशीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हॉ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## पथ का चौड़ीकरण

*1495 Shri. Prem Shankar Prasad (99) (Baikunthpur ):

Road Construction क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि जिला-गोपालगंज अन्तर्गत आर0सी0डी0 पथ हरदिया से भगवानपुर के 10 पंचायतों को जोड़ने वाली मुख्य पथ है;
2. क्या यह बात सही है कि बढ़ती अबादी एवं परिवहन अत्यधिक होने के चलते आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतिकरण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## अनियमितता का जॉच प्रतिवेदन

*1496 **श्री राम चन्द्र प्रसाद** (84) (**हायाघाट**):

**पंचायती राज** क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड के अंतर्गत निमैठी पंचायत में वित्तीय वर्ष-2019-20 एवं 2020-21 में प्रधानमंत्री आवास योजना में 150 से 200 मृत एवं प्रवासी लोगों के नाम पर योजना की राशि निकाल ली गई, जिसकी जाँच हेतु उप विकास आयुक्त के पत्रांक-2195 दिनांक-30.09.2023 द्वारा टीम गठित की गई, किन्तु अबतक इसका जाँच प्रतिवेदन सौंपा नहीं गया है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त अनियमितता का जाँच प्रतिवेदन सार्वजनिक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*1497 Shri. Anand Shankar Singh (223) (Aurangabad ):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- क्या

यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के देव से औरंगाबाद भाया दधपा यारी पथ में नरची मोड़ के निकट टेकारी नदी पर बना पुल जीर्ण -शीर्ण अवस्था में हो गया है, जिससे लोगों को यातायात में बाधा उत्पन्न होती है और सड़क अवरूद्ध हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर पुल के स्थान पर पुनः नए पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## चौराहे पर ट्रैफ्रिक पोस्ट बनाना

*1498 **श्री सत्यदेव राम** (107) (**दरौली**)ः

**पथ निर्माण** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत सिंहेश्वर से मधेपुरा जाने वाले रोड में नारियल विकास बोर्ड के पास से सुखासन जाने वाले चौराहे पर ट्रैफिक पोस्ट नहीं रहने के कारण विगत 15 वर्षों से दुर्घटनाएं होती रहती है, यदि हां तो सरकार कबतक उक्त चौराहे पर ट्रैफ्रिक पोस्ट बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का पक्कीकरण कार्य

*1499 Shri. Akhtarul Iman (56) (Amour)ः

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या यह बात सही है कि पूर्णियाॅ जिला अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल बायसी के अधीन अमौर प्रखंड के पीडब्लूडी सड़क से बिजलिया जानेवाली सड़क का पक्कीकरण अब तक होने से ग्रामीणों को प्रखंड एवं जिला मुख्यालय तथा अन्य आवश्यक कार्य हेतु आवागमन में कठिनाई हो रही है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कार्य कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क निर्माण के सम्बन्ध में।

*1500 Shri. Siddharth Saurav (191) (Bikram )ः

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत विक्रम विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत प्रखंड बिक्रम, पंचायत – दनारा, ग्राम - गुलामिचक में सड़क निर्माण नहीं होने से आमजन के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त वर्णित ग्राम में सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## तटबंध की सुरक्षा का कार्य

*1501 Shri. Akhtarul Islam Shahin (133) (Samastipur):

Water Resources क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- 1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत प्रखंड समस्तीपुर के ग्राम मोर्दीबा वार्ड संख्या - 01 एवं 02 व पंचायत पोखरैडा वार्ड संख्या - 08, के सामने बूढ़ी गंडक नदी की धारा तटबंध से बिल्कुल सट गया है, जिसमें बरसात के दिनों में तेज बहाव के कारण तटबंध टूटने का भय बना रहता है और लोग दहशत में रहते हैं; यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त तटबंध की सुरक्षा का कार्य कराने का विचार रखती, नहीं, तो क्यों?

----

## दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

*1502 **श्री मिथिलेश कुमार** (28) (**सीतामढ़ी**):

**ग्रामीण कार्य** :-

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला में गोसाईपुर से भासर पथ एवं मथुरापुर चौक से भूरिया बाबा की सड़कें जो एक तरफ से बन रही है वहीं दूसरी तरफ से टूटने की स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्तसड़कों की गुणवत्ता की जांच करवाकर दोषी एजेंसी एवं पदाधिकारी को दंडित कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## सड़क का पक्कीकरण

*1503 Shri. Pankaj Kumar Mishra (29) (Runnisaidpur):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत रून्नीसैदपुर उत्तरी पंचायत के रून्नीसैदपुर बेलसंड रोड से खड़का बाँध तक ईंट सोलिंग सड़क जर्जर है, जिसमें आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है; यदि हाँ तो सरकार उक्त सोलिंग सड़क का पक्कीकरण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## करवाई करना

*1504 Shri. Gopal Ravidas (188) (Phulwari ):

Minor Water Resource :-

क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि कार्यपालक पदाधिकारी, लघुसिंचाई प्रमंडल पटना के द्वारा ग्राम कुरकुरी में जल जीवन हरियाली योजना अंतर्गत आहर पाईन का जीर्णाद्वार एवं

पुलिया निर्माण कार्य करायी जा रही है, जिसमे प्राक्कलन के अनुसार मिटटी खुदाई, सीमेंट व अन्य सामग्रियों का उपयोग नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त निर्माणाधीन आहर पाईन की जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## पथ का निर्माण

*1505 Shri. Krishna Kumar Rishi (59) (Banmankhi):

Rural Works क्या मंत्री , ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियॉ जिलान्तर्गत बनमनखी प्रखण्ड के लादूगढ़ पंचायत में तथा धरहरा चकला भुनाई पंचायत के मोहनियॉ चकला पश्चिम में महादलित टोला है, जिसकी आबादी क्रमशः 700 (सात सौ) एवं 1000 (एक हजार) से अधिक है, जो अबतक बारहमासी संपर्क पथ से वंचित है, जिससे टोला वासियों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महादलित टोलों में कबतक बारहमासी संपर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## अधिग्रहण करने

*1506 **श्री राम सूरत कुमार** (89) ( **औराई**):

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलानतर्गत प्रखंड कटरा में स्थित सड़क यजुआर से लखनपुर तक लगभग 5 किमी सडक ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है, जबकि उक्त सडक के दोनों तरफ औराई से यजुआर एवं लखनपुर से बेदौली सड़क पथ निर्माण विभाग के अधीन है, जिसके कारण उक्त सडक पर दोनो तरफ से भारी वाहन आने जाने से अल्प समय अवधि में ही सड़क जर्जर हो जाती है;

2. क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रखंड कटरा से खंगुरा डीह से सीता बड़ से राम खंगुरा से बसंत से बंधपुरा पिपरा दरभंगा सीमान तक सडक ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है उक्त सडक मां चामुंडा स्थान को तीर्थ स्थल अहिल्या स्थान को जोडती है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त दोंनों खंडों के सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## बंग की मरम्मती

*1507 **श्री विश्व नाथ राम (202) (राजपुर ):**

**जल संसाधन :-**

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सोन नहर प्रमण्डल अन्तर्गत साथ वितरणी के 19 कि.मी. से 29 कि.मी. तक बक्सर शाखा नहर के सिकरौल लख से पसहरा लख तक अमरपुर उप वितरणी चर्मिला उप वितरणी, बसंतपुर उप वितरणी का कई वर्षो से पुर्नस्थापन का कार्य नहीं होने के कारण किसानों को सिंचाई हेतु पानी नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार सोन नहर प्रमण्डल अन्तर्गत उक्त वर्णित उप वितरणी नहर के गाद की सफाई कर नहर के दोनों बंग की मरम्मती कराकर कबतक पानी अंतिम छोर तक पहुॅचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## स्लूइस गेट का निर्माण कार्य

*1508 Shri. Arun Singh (213) (Karakat ):

Water Resources क्या मंत्री,जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
1. क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट विधान सभा के प्रखंड काराकाट में ग्राम अमरथा अवस्थित आहर में पूर्व से निर्मित फॉल है, जिसे किसानों द्वारा बांधकर सिंचाई कार्य किया जाता है, जो जीर्णशीर्ण अवस्था में है;
2. क्या यह बात सही है कि उक्त फॉल को किसानों द्वारा पुआल एवं लकड़ी आदि द्वारा बंद कर देने से पानी अन्य गांवों के फसलों को नष्ट कर देता है;
3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त फॉल का जीर्णोद्धार /मरम्म्ति कार्य कराते हुये स्लूइस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पक्कीकरण कराना

*1509 Shri. Maha Nand Singh (214) (Arwal):

Water Resources क्या मंत्री , जल संसाधन विभाग, यह बतलाने का कृपा करेंगे कि - 1. क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अंतर्गत अरवल प्रखंड चैनल एक एवं दो का पक्कीकरण (लाइनिंग) नहीं होने से चैनलों के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंचता है। कई स्थान पर चैनल टूट जाने से खेतों में पानी भरा रहता है यदि हाँ तो सरकार उक्त चैनलों का पक्कीकरण (लानिंग) कब तक कराने का विचार रखती है ,नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*1510 Shri. Dilip Ray (26) (Sursand):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत पुपरी प्रखंड के बलहा मकसुदन पंचायत के भीम मकलेश्वर मिसरिया टोल में मरहा नदी पर पुल नहीं होने से स्थानीय निवासियों का आवागमन में परेशनी होती है, यदि हाँ, तो सरकार पुपरी प्रखंड के बलहा मकसुदन पंचायत के भीम मकलेश्वर मिसरिया मिसरिया टोल में मरहा नदी पर पुल के निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## शौचालय का निर्माण

*1511 **श्रीमती प्रतिमा कुमारी** (127) (**राजा पाकर** ):

**ग्रामीण विकास** क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के देसरी प्रखंड के गाजीपुर चौक पर सामुदायिक शौचालय नहीं होने से बाजार हाट आने जाने वाली महिलाओं और लड़कियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त चौक पर कबतक एक पेड़ सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

*1512 Shri. Murari Mohan Jha (86) (Keoti):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी विधनसभा क्षेत्रा अंतर्गत जुड़िया नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने से लोगों को आवागमन करने में 15 किमी की अधिक दूरी तय करनी पडती है, यदि हां तो सरकार उक्त नदी के उपर कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## बहाली करना

*1513 **श्री विनय कुमार** (225) (**गुरुआ**):

**ग्रामीण विकास** :-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि गया जिला के 24 प्रखंडों में मनरेगा के कार्य हेतु वर्त्तमान में कुल 11 ऑपरेटर तथा 12 जेई कार्यरत है;
2. क्या यह बात सही है कि मनरेगा योजना कार्यान्वयन में कर्मियों के कमी के कारण जनप्रतिनिधयों को अपने क्षेत्रीय विकास के कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता

है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार प्रत्येक पंचायत में मनरेगा कार्य हेतु एक-एक जेई तथा ऑपरेटर बहाल करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## आई०टी०आई० कॉलेज खोलने हेतु

*1514 Shri. Vijay Kumar Khemka (62) (Purnia):

Labour Resources क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-1. क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिला के पूर्णिया पूर्व प्रखंड में आई. टी. आई. सहित कोई तकनीकी शिक्षण संस्थान नहीं है, जिसके करण इस प्रखंड के छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में असुविधा होती है, यदि हाँ तो सरकार उक्त प्रखंड में कब तक आई०टी०आई० कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं तो क्यो ?

----

## पुलिया निर्माण

*1515 Shri. Ashok Kumar Singh (203) (Ramgarh, Kaimur ):

Road Construction :-

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि-

1. क्या यह बात सही है, कि कैमूर जिलान्तर्गत दुर्गावती प्रखंड में दुर्गावती से रामगढ पथ निर्माण विभाग की सड़क हैं, जिसमें स्व० मंगल चरण सिंह के प्रतिमा से जमानियां पंप कैनाल तक सड़क में छिलका होने के कारण वर्षात के दिनों में वहां पर 3 फीट पानी बहाव रहता हैं, जिससे आवागमन बाधित होता है,

2 . क्या यह बात सही हैं कि उक्त सड़क बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली मुख्य सड़क हैं जिसपर प्रतिदिन हजारों वाहनों वहां से गुजरते हैं,

3 . यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार छिलका की जगह पुलिया निर्माण कराने की विचार रखती हैं, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## सब्सिडी का पैसा देना

*1516 **मो० नेहालउद्दीन (224) (रफीगंज):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत प्रखंड रपफीगंज में जिविका समूह द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए उन्हें लोन दिया गया था, जिसमें सब्सिडी का पैसा भी मिलता है

2.क्या यह बात सही है कि रपफीगंज के जीविका समूह को सब्सिडी का पैसा नहीं मिला है पैसों का गबन कर लिया है,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त् प्रखंड के जीविका समूह को देने का विचार रखती है, हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## दोषी पर करवाई करना

***1517 Smt. Shalini Mishra (15) (Kesaria):**

**Rural Works** स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 15.02.2025 को प्रकाशित "ग्रामीण सड़कों की देख-रेख में हो रही लापरवाही" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य में लगभग 60 हजार कि०मी० ऐसी सड़कें हैं, जो 5 साल की मरम्मति अवधि में है, लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण इसकी ससमय मरम्मति नहीं हो पा रही है, यदि हाँ तो सरकार लापरवाही बरतने वाले दोषी संवेदक एवं विभागीय अधिकारियों पर कब तक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## 20 हजार करोड़ से अधिक का हिसाब

***1518 डॉ. सी०एन० गुप्ता (118) (छपरा ):**

**पंचायती राज :-**

स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 07.03.2025 को प्रकाशित " पंचायती राज संस्थाओं ने 20 हजार करोड़ का नहीं दिया हिसाब" शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि राज्य की विभिन्न प्रचायती राज संस्थाओं ने वर्ष 2002-03 से लेकर 2022-23 तक 20 हजार करोड़ से अधिक की राशि का हिसाब नहीं दिया है, जिससे संबंधित उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु पंचायती राज विभाग द्वारा जिलाधिकारी, डी०डी०सी० सह जिला परिषद् के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी से बार-बार अनुरोध किया जा रहा है, यदि हाँ, तो पंचायती राज संस्थाओं द्वारा 20 हजार करोड़ से अधिक का हिसाब अभी तक नहीं देने का क्या औचित्य है ?

- - - -

## पुल का निर्माण

*1519 **श्री मनोज कुमार यादव** (16) (**कल्याणपुर**):

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत कोटवा प्रखंड के पोखरा पंचायत के दीपउ डोम टोली महादलित बस्ती के सामने छठ घाट के निकट समौती नदी पर पुल नहीं होने के कारण निकटवर्ती बस्तियों के आवासीत आबादी को आने जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

- - - -

## सड़क का निर्माण

*1520 Shri. Sandeep Saurav (190) (Paliganj ):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत पालीगंज प्रखंड के जब जम्हारू इमामगंज पंचायत के रामरुच बिगहा तथा कल्याणपुर पैपुरा पंचायत के बलमुआ पर गाँव में अभी तक किसी तरह की सड़क सम्पर्कता नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी संकटों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार छूटे हुए बसावट के तहत उक्त ग्रामों में सड़क का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

- - - -

## सुरक्षा बाँध का निर्माण

*1521 Shri. Damodar Rawat (242) (Jhajha ):

Water Resources क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अंतर्गत खैरा प्रखण्ड के कागेश्वर पंचायत का दिनारी गाँव के दोनों तरफ सुरक्षा बाँध नहीं रहने से बरनार नदी के कटाव से गांव नदी में विलीन होते जा रहा है, यदि हाँ तो, सरकार उक्त गांव को बरनार नदी के कटाव से

रोकने हेतु कब तक नदी के दोनों किनारों पर सुरक्षा बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*1522 **Shri. Rambilash Kamat (42) (Nirmali ):**

**Water Resources :-**

क्या मंत्राी, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला अन्तर्गत पिपरा प्रखंड के सरहोचिया गांव के समीप गम्हरिया उप शाखा नहर पर निर्मित पुल 35 वर्ष पुराना है, जो काफी जर्जर हो चुका है, जिससे उक्त सड़क पर आवागमन में आमजन को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नहर पर क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*1523 **Smt. Bhagirathi Devi (02) (Ramnagar):**

**Rural Works :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत रामनगर प्रखण्ड के गुदगुदी पंचायत के ग्राम चमडडिहा बड़गॉव में हरहा नदी पर पुल नहीं रहने से लोगों को आवागमन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हॉ, तो सरकार हरहा नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो, क्यों ?

----

## अधिग्रहण की गई भूमि का मापी कर मुआबजा देने

*1524 **Shri. Ajay Kumar (138) (Bibhutipur):**

**Water Resources :-**

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1 . क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के करांची-बदलाघाट का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण में द0 माड़र, रसौक, अमनी, खिरनिया, मलहा, बलहा इत्यादि मौजा के भूमि अधिग्रहण की गई थी,

2. क्या यह बात सही है कि तटबंध का कार्य वर्ष-2018 में पूरा होने के बावजूद अभी तक द0 माड़र एवं रसौक के किसानों को अधिग्रहण की गई भूमि का न तो मापी (पैमाईस) की गई और न किसी तरह का मुआबजा दिया गया है; जबकि उक्त संबंध में दिनांक-12.08.2021 को ही किसानों द्वारा जिला समाहर्ता, खगड़िया को एक आवेदन दिया गया है,

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मौजा द0 माड़र एवं रसौक का अधिग्रहण की गई भूमि का मापी कर किसानों को मुआबजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

***1525 श्री राम विशुन सिंह** (197) (**जगदीशपुर** ):

**ग्रामीण कार्य** :-

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत पीरो प्रखंड में वरौली राजवाहा से पंचरूखिया भाया इनरपतपुर सडक का निर्माण आजादी के बाद से आज तक नहीं किया गया है जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है , यदि हां तो, सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पथ का निर्माण

***1526** Shri. Yusuf Salahuddin (76) (Simri Bakhtiarpur ):

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत महिषी प्रखंड के झारा पंचायत स्थित लगभग सात वर्षों से लम्बित पथ शीर्ष MMGSY(Gen) 3054 योजनांतर्गत रोड नं0- 17 बहोरबा प्राईमरी स्कूल से झारा सिसौना बेलडावर पथ के Rescined work के पुनरीक्षित प्राक्कलन को मुख्यालय, पटना द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर पथ के निर्माण की दिशा में अभी तक किसी भी प्रकार की सकारात्मक पहल नहीं की जा सकी है, यदि हॉ, तो सरकार इस पथ के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति कबतक प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## अनुरक्षकों को मानदेय भुगतान

***1527 श्री श्रीकान्त यादव** (113) (**एकमा**)**:**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत नल जल योजना में चयनित भूमिदाता को 2018 से 2024 तक अनुरक्षक बनाया गया था, जिसके मानदेय की राशी का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है, यदि हाँ तो सरकार कबतक अनुरक्षकों को मानदेय भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पुल निर्माण

***1528 Smt. Deepa Kumari**(227) (**Imamganj** )**:**

**Road Construction :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि एस0 एच0 - 69 सड़क में गया जिला के डुमरिया प्रखंड के रजकैल नदी एवं ईमामगंज प्रखंड के गंगटी नदी पर पुरानी पुल 3.75 मीटरचौड़ी पूर्व से निर्मित है, जबकि सड़क 12 मीटर चौड़ी है;
2. क्या यह बात सही है कि सड़क की अपेक्षा पुल की चौड़ाई कम रहने से आवागमन में कठिनाई होती है, और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर सड़क के समतुल्य चौड़ी पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

***1529 श्री अनिल कुमार** (24) (**बथनाहा**)**:**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बथनाहा प्रखंड के भयवां मोड से शिवनगर जाने वाली सड़क में लखनदेई नहीं में आजादी के बाद भी अबतक पुल का निर्माण नहीं होने से बरसात एवं बाढं के समय नाव के सहारे नदी पार करना होता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त लखनदेई नदी पर पुल निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## रिंग बांध का निर्माण

*1530 Er. Shashi Bhushan Singh (11) (Sugauli):

Water Resources क्या मंत्री,जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के प्रखंड सुगौली में स्थित बुढ़ी गंडक नदी से प्रत्येक वर्ष बाढ आने से ग्राम पं०-लालपरसा सहित अनेकों गांव में किसानों की फसल नष्ट हो जाती है यदि हाँ, तो सरकार ग्राम लाल परसा में कब तक रिंग बांध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## R C C पुल निर्माण

*1531 **डॉ. रामानुज प्रसाद** (122) (**सोनपुर** ):

**पथ निर्माण** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखण्ड अंतर्गत छुआ मिल गोला बाजार पर बेजाबाद वार्ड नं0-01 नजरमीरा पथ में स्थित स्क्रू पाईल पुल जर्जर होने के कारण प्रशासन द्वार आवागमन रोक दिया गया है। जिससे आस-पास के इलाकों के लोगों को हाट-बाजार, थाना, प्रखण्ड एवं अनुमंडल मुख्यालय आदि स्थानों पर आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाॅ तो क्या सरकार उक्त वर्णित जर्जर स्क्रू पाईल पुल के समानांतर नये आर.सी.सी. पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

----

## पथ का निर्माण

*1532 Shri. Samir Kumar Mahaseth (36) (Madhubani):

Rural Works :-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः

1. क्या यह बात सही है कि अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक 1686 दिनांक 30.12.2024 द्वारा प्रश्ननकर्ता को सूचना दी गयी है कि मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) अंतर्गत कुल 13 पथ चयनित तथा कुल 17 पद स्वीकृत हुए हैं, यदि हां तो सरकार सभी चयनित एवं स्वीकृत पथों का कार्यारंभ कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क को दो लेन बनाना

***1533 Shri. Kumar Shailendra (152) (Bihpur):**

**Road Construction :-**

क्या मंत्री , पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के दीनदयाल चौक से एन एच 31 होते हुये भवनपुरा तक आरसीडी रोड खरीक प्रखंड का मुख्य सड़क है जो 10 पंचायतों को जोड़ता है, , जिसपर वाहनों के अधिक दबाव होने के कारण प्रायः लोगो को जाम कि समस्या से जूझना पड़ता है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक दो लेन में परिवर्तित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## गाद का सफाई कराना

***1534 Shri. Prafull Kumar Manjhi (240) (Sikandra ):**

**Water Resources** क्या मंत्री , जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि नवादा सिंचाई प्रमंडल अंतर्गत नाटी नदी पर निर्मित कदहर बीयर के पूर्वी भाग एवं कदहर केनाल में गाद भर गया है, जिस कारण जमुई जिला के ईस्लाम नगर और अलीगंज प्रखण्ड के कैथा, आढ़ा कोल्हाना एवं अवगिला चौरासा पंचायत के हजरों एकड़ जमीन की सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हाँ तो सरकार नाटी नदी पर निर्मित कदहर बीयर के पूर्वी भाग एवं कदहर केनाल में कबतक गाद की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## सड़क निर्माण करना

***1535 Shri. Achmit Rishidev (47) (Raniganj, Araria):**

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत बेलसरा में वार्ड नं0-9 में महेन्द्र यादव के घर से लेकर पूर्व सरपंच गब्बू यादव के घर के पास स्थित शिव मंदिर और प्लस टू सार्वजनिक उच्च विद्यालय बेलसरा तक 2.5 किलामीटर कच्ची सड़क का अबतक पक्कीकरण नहीं किया गया है जिससे इस बीच बसे महादलित एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लोगों तथा विद्यालय में पढ़ने जानेवाले बच्चों को बरसात के दिनों में जलजमाव के कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची

सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## आहार का जीर्णोधार

*1536 Shri. Kumar Sarvjeet (229) (Bodh Gaya ):

Minor Water Resource क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि गया जिला अतंर्गत फतेहपुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत धरहरा कला के ग्राम-धरहरा कला टोला-रधवाचक के कोड़राही आहर का जीर्णोधार लगभग 25 वर्षों से नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आहर का जीर्णोधार कबतक कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

----

## पंचायत सरकार भवन के निर्माण के संबंध में

*1537 **डॉ. संजीव कुमार** (151) (**परबत्ता** ):

**पंचायती राज** क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि - 1. क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अंतर्गत प्रबन्ता विधान सभा क्षेत्र के गोगरी प्रखंड अंतर्गत गोगरी एवं इटहरी पंचायत एवं प्रवक्ता प्रखंड तेम्धा करारी एवं जोराबरपुर में स्वीकृत होने के बावजूद भी लंबित है, 2. क्या यह बात सही है कि पंचायतों में पंचायत सरकार भवन के निर्माण नहीं होने से वृद्धजनों सहित सभी ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, तो सरकार कब तक उक्त प्रखंडो के पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है ,नही, तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

*1538 ShuShree Shreyasi Singh (241) (Jamui ):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अंतर्गत बरहट प्रखंड के टेंगहरा ग्रामीण कार्य विभाग पथ से सलैया पी.डब्ल्यू.डी. पथ तक सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण टेंगहरा गांव की लगभग 3000 आबादी को प्रखंड मुख्यालय थाना, प्रखंड अस्पताल में आने-जाने में परेशानी होती है और 3 किलोमीटर अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

***1539 Shri. Ajay Yadav (233) (Atri ):**

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है किगया जिला के अंतर्गत प्रखंड अतरी में ग्राम नौरंगा मुख्य पथ से प्रखंड खिजर सराय के ग्राम मक्सुदुपुर तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है;
2.क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम को मुख्य पथ नौरंगा से नहीं जोड़ने के कारण आम जनता एवं ग्रामीणों को आने जाने तथा वाहनों की आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त पथ को एक प्रखंड से दूसरे प्रखंड में जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## नाला एवं सड़क का निर्माण

***1540 Smt. Manju Agrawal (226) (Sherghati ):**

**Panchayati Raj :-**
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड शेरघाटी के ग्राम पंचायत श्रीरामपुर के ग्राम नवादा टोला पश्चिम टांड में नागेन्द्र पासवान के घर से बूढी नदी तक नाला एवं रोड का निर्माण नहीं रहने से अपशिष्ट जल रोड पर ही जमा रहता है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक जनहित में उक्त गाँव में नाली एवं रोड का निर्माण करवाने का विचार करती है, नहीं तो क्यों ?

----

## खेतों तक पानी पहुंचाना

***1541 Shri. Gunjeshwar Sah (77) (Mahishi ):**

**Minor Water Resource :-**
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने का कृपा करेंगे कि:-

क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सत्तर कटैया प्रखंड के ग्राम पंचायत रकिया, पूरीख, बरहशेर ,पटोरी , बिहरा, सिहौल, बारा , मुरली भरना होते हुए महिषी प्रखंड में प्रवेश करने वाली नहर का कई जगह अतिक्रमण कर लिया गया है तथा विभाग द्वारा उसमें कभी पानी नहीं छोड़ा जाता है जिससे प्रखंड के किसानों को परेशानी होती है

2. क्या यह बात सही है कि विभागीय उदासीनता व जिले में पदस्थापित विभागीय कर्मियों के लापरवाही के वजह से सत्तर कटैया व नवहट्टा प्रखंड से गुजरने वाली सभी नहरों की स्थिति कमोवेश ऐसा ही है ;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त वर्णित नहरों को अतिक्रमण से मुक्त कराकर उसका सुदृढ़ीकरण कर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## अनुदान राशि देने के सम्बन्ध में

*1542 **Shri. Abidur Rahman (49) (Araria):**

**Panchayati Raj** क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-1 . क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज प्रखंड के हलहलिया पंचायत के सरपंच सुरेन्द्र प्रसाद मंडल का देहांत उनके कार्यकाल के दौरान ०९.०१.२०२४ को हो गया था,2 . क्या यह बात सही है कि मृतक के आश्रित को सुसंगत नियमावली में प्रावधान के बावजूद अबतक मृत्यु उपरांत अनुदान की राशि चार लाख रुपया नहीं मिला है जिसके कारण मृतक के आश्रित को जीवन यापन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है,3 . यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार खंड एक में वर्णित मृतक के परिवार को मुआवजा राशि देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## सामुदायिक भवन निर्माण

*1543 **Shri. Rajesh Kumar Gupta (208) (Sasaram ):**

**Panchayati Raj** क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तिलौथु प्रखंड अंतर्गत ग्राम हुरका के रविदास टोला में सामुदायिक भवन नहीं होने से ग्रामीणों को काफी कठिनाई होती है;
2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर सामुदायिक भवन निर्माण के लिए ग्रामीणों द्वारा बार -बार मांग की जाती है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रोहतास जिला के तिलौथु प्रखंड के अंतर्गत ग्राम हुरका के रविदास टोला में सामुदायिक भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हां ,तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## तटबंध का निर्माण

*1544 **श्री मिश्री लाल यादव (81) (अलीनगर):**

**जल संसाधन :-**

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी प्रखण्ड अन्तर्गत कयामचक टोले भोज पट्टी कमला नदी के किनारे बसा हुआ है;
2. क्या यह बात सही है कि कयामचक से टोले भोजपट्टी का रास्ता नदी के किनारे से है

और कमला नदी के कटाव एवं बहाव के कारण उक्त गॉव की सड़क एवं तटबंध कट कर नदी में मिल गया है, जिससे यातायात बाधित है;
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त गॉव के सड़क का निर्माण एवं कटाव तटबंध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*1545 **Shri. Saud Alam (53) (Thakurganj):**

**Road Construction** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ठाकुरगंज प्रखंड के दल्लेगाँव / तातपौआ पंचायत अंतर्गत सुखानी से दल्लेगाँव जाने वाली सड़क में मेंची नदी पर निर्माणाधीन उच्च स्तरीय पुल के निकट नदी की धारा बदलने के कारण निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है उक्त पूल का दो स्पेन बढ़ाने की आवश्यकता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुलिया का दो अतिरिक्त स्पेन बढ़ाने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## पहुंच पथ का निर्माण कराना

*1546 **श्री अजीत शर्मा** (156) (**भागलपुर** ):

**पथ निर्माण** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलांतर्गत भोलानाथ पुल फ्लाई ओवर से इशाकचक ईश्वरनगर की ओर जानेवाली सड़क और डिक्सन रोड से सीधे जोड़ने के लिये पहुंच पथ का निर्माण नहीं कराये जाने से लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां तो सरकार भोलानाथ पुल फ्लाई ओवर से इशाकचक ईश्वरनगर की ओर जानेवाली सड़क और डिक्सन रोड से सीधे जोड़ने के लिये पहुंच पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पथों का पुनर्निर्माण

*1547 **मो० इसराईल मंसूरी** (95) (**कांटी**):

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मड़वन प्रखण्ड के मड़वन के बड़का गॉव पी0डब्लू0डी0 से मोतिपुर एन0एच0-28 पथ एवं मड़वन के मड़वन कॉटी एन.एच. टेरियापुर से बड़कागाँव पी0डब्लू0डी0 सड़क का पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण करने हेतु कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल सं0-1 मुजफ्फरपुर के ज्ञापांक-1193 दिनांक-10.06.2023 द्वारा अधीक्षण अभियंता उतर बिहार पथ अंचल मुजफ्फरपुर को प्रतिवेदन सौंपा गया है लेकिन आजतक

उक्त सड़कों को अधिग्रहण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों को पथ निर्माण विभाग में कबतक अधिग्रहित करते हुए इनका पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## चेक डैम निर्माण

*1548 Shri. Pawan Kumar Yadav (155) (Kahalgaon ):

Water Resources :-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड अंतर्गत महियामा में गेरूआ नदी पर बना चेक डैम ध्वस्त हो जाने से किसानों को सिंचाई में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ध्वस्त चेक डैम के स्थान पर नया चेक डैम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## बाढ़ का स्थायी निदान।

*1549 Shri. Jai Prakash Yadav (46) (Narpatganj):

Water Resources :-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र जो नेपाल सीमा से सटा कोसी के मुहाने पर स्थित है, बाढ़ के कारण प्रतिवर्ष यहाँ के किसानों की सैकड़ो एकड़ में लगी करोड़ों की फसल बर्बाद हो जाती है;

2. क्या यह बात सही है कि बराजों के आधुनिकीकरण, तटबंधों के ऊंचीकरण व सुदृढ़ीकरण, नहरों के पुनर्स्थापन तथा पक्कीकरण और नदियों के गाद प्रबंधन की व्यवस्था नही रहने से किसानों को असुविधा होती है ;

3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बाढ़ के स्थाई निदान हेतु उक्त स्थल पर कारगर कदम उठाने का विचार रखती है ? नहीं, तो क्यों ?

----

## सड़क की चौड़ीकरण

*1550 Shri. Lalit Kumar Yadav (82) (Darbhanga Rural):

Road Construction :-

क्या मंत्री , पथ निर्माण विभाग , यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि :-

1.क्या यह बात सही है कि मुरिया से सोनकी पथ एवं मनीगाछी से बथीया पथ, पथ निर्माण विभाग की सड़क है और NH एवं SH को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है, जिसकी चौड़ाई पथ निर्माण विभाग के मानक के अनुरूप नहीं है, चौड़ाई कम रहने के कारण यातायात में काफी कठिनाई होती है एवं घंटों जाम का सामना करना पड़ता है यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार दोनो सड़क को चौड़ीकरण कराने की विचार रखती है, हां तो कब तक,नहीं तो क्यों?

----

## श्मशान घाट की घेराबंदी।

*1551 Shri. Vijay Kumar (169) (Sheikhpura ):

**Panchayati Raj** क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें किः-
क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत अरियरी प्रखंड के ऐफनी पंचायत के ग्राम हनुमानगंज एवं बायबीघा में श्मशान घाट की घेराबंदी नही रहने के कारण असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित श्मशान घाटो की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## कच्ची पथों का निर्माण

*1552 Shri. Janak Singh (116) (Taraiya ):

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
1. क्या यह बात सही है कि तरैया विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत तरैया, पानापुर एवं ईसुआपुर प्रखडों सहित पूरे राज्य की प्रखंडों में छुटे हुए टोले/बसावटों के पथें जैसे एम.एम.जी.एस.वाई. महादलित टोला, मढौरा से पी.एम.जी.एस.वाई. डेवढ़ी भाया डाबरा नदी छठ घाट एवं एम.एम.जी.एस.वाई. पथ रामपुर महेश से पचरौर 104 एस.एच. भाया मझौपुर पथें कच्ची रहने के कारण आम जनता को आवागमन में बहुत ही कठिनाईयॉ हो रही हैं, यदि हाँ तो सरकार उक्त सड़कें के साथ-साथ राज्य के सभी छुटे हुए टोले/बसावटों के कच्ची पथों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## निर्माण कराना

*1553 **श्री कुमार कृष्णा मोहन उर्फ़ सुदय यादव** (216) (**जहानाबाद** ):

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि जहानाबाद गाँधी इंटर कॉलेज कनौदी से नौरू तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य हो रहा है;
2. क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण पूर्व से बनी सड़क के सतह को हटाये बिना कराया जा रहा है जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय का आदेश की अवहेलना है;
4. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क को जनहित में सही संरेखण एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन कर निर्माण कराना चाहती है यदि हॉ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## पुल का एप्रोच रोड के निर्माण के संबंध में

*1554 Shri. Lakhendra Kumar Raushan (130) (Patepur):

**Rural Works** क्या मंत्री , ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें किः-
(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के अजीजपुर चाँदे पंचायत एवं मोरवा प्रखंड के चकपहाड़ पंचायत के बीचो-बीच नून नदी नहर पर नावार्ड समस्तीपुर के द्वारा पुल का निर्माण करायी गयी है, जिसके दोनों तरफ एप्रोच सड़क नहीं बनने के कारण जनता को आवागमन में कठिनाई होती है। यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का एप्रोच रोड निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो, क्यों?

----

## फाल का जीर्णोद्वार

*1555 Shri. Rishi Kumar (220) (Obra ):

**Minor Water Resource** क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड के मलवा पंचायत के ग्राम चातर टोला आधार बिगहा से बहने वाली मेहदी घाट नाला मौजा मलवा में जाकर पुनपुन नदी में मिलती है परन्तु मौजा मलवा में निर्मित फाल जीर्ण - शीर्ण अवस्था में होने के कारण जल - जमाव होने से खेतों का कटाव जारी है, जिससे सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त फाल का जीर्णोद्वार कराने का विचार रखती है, नही , तो क्यों ?

----

## नदी पर पुल का निर्माण

*1556 **श्रीमती नीतु कुमारी** (236) (**हिसुआ** ):

**ग्रामीण कार्य** क्या मंत्री, ग्रमीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के हिसुआ प्रखंड के हदसा पंचायत अंतर्गत गोनर बिगहा गांव के सामने ढाढार नदी पर पुल नहीं होने से नदी के दोनों ओर अवस्थित

ग्रामों के लोगों को यातायात सुलभ नहीं हो पाता है, यदि हां तो सरकार गोनर बिगहा गांव के सामने ढाढार नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## कारवाई करना

*1557 **Shri. Bhim Kumar Singh (219) (Goh):**

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत गोह प्रखण्ड में उर्वसी कंस्ट्रक्शन के द्वारा गोह उपहरा रोड से नहर कॉलोनी तक का एवं हसपुरा प्रखण्ड के बघोई नहर से सरदवन बिगहा तक नवनिर्मित सडक का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा मानक के अनुरूप नही किये जाने से सडक मात्र 3 माह में ही जर्जर हो गया है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है यदि हाँ तो सरकार उक्त दोनो सड़को का जांच कराकर संवेदको एवं दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कबतक कारवाई कराने का विचार रखती है, नही तो क्यों?

----

## सड़क का चौड़ीकरण एवं पक्कीकरण

*1558 **श्री ललन कुमार** (154) (**पिरपैंती** ):

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखण्ड के पंचायत दक्षिणी लोधवे के ग्राम डोभाटॉड से गुरपा ओ0पी0 तक कच्ची सड़क जर्जर एवं दैनिय स्थिति में है, लगभग 2.5 किलोमिटर सड़क का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का चौड़ीकरण एवं पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## नाला का निर्माण

*1559 **Smt. Gaytri Devi (25) (Parihar):**

**Road Construction** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा बाजार होकर नेपाल वार्डर किनारे निर्माणाधीन इडों नेपाल सड़क सोनवर्षा बाजार में पीडब्ल्यूडी सड़क को क्रॉस करती है, जहां पर नाला का निर्माण नहीं होने के कारण आसपास के घरों में पानी का जमाव हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार सोनबरसा बाजार में झंडों नेपाल सडक पर क्रॉस नाला का

निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## राशि मुहैया कराना

*1560 Shri. Mukesh Kumar Raushan (126) (Mahua ):

Panchayati Raj क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि 15वीं वित आयोग की सिफारिशों के आधार पर सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को धनराशि जारी की जाती है;
2. क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा 15वीं वित के हेल्थ ग्रांट की राशि वितरण में ग्राम पंचायत और पंचायत समिति को अलग रखा गया है;
3.यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सभी त्रिस्तरीय पंचायतों को हेल्थ ग्रांट की राशि मुहैया कराने का विचार रखती है, हॉ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## सड़क की मरम्मती करना

*1561 **श्री सुर्यकान्त पासवान** (147) (**बखरी**):

**ग्रामीण कार्य** :-

क्या मंत्राी, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत नावकोटी प्रखण्ड के डफ्फरपुर पंचायत के छतौना पुल से टेकनपुरा काली स्थान की ओर जाने वाली सड़क एवं डफ्फरपुर पंचायत से जिला मुख्यालय बेगूसराय की ओर जाने वाली मुख्य मार्ग की स्थिति जर्जर है जिससे आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है यदि हाँ तो सरकार उक्त सड़क का मरम्मती कबतक कराने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

*1562 Shri. Lal Babu Prasad Gupta (20) (Chiraia):

Rural Works :-

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत चिरैया प्रखंड के रसुलपुर से बेला तक 04किलोमीटर सड़क जर्जर स्थिति में है.जिससे छोटे बड़े वाहनों के साथ-साथ छात्र छात्राओं एवं आमजनता को आवागमन में भारी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार रसुलपुर से बेला तक 04 किलोमीटर जर्जर सड़क का निर्माण कार्य कब

तक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## पंचायत सरकार भवन का निर्माण

*1563 **श्री राम सिंह** (4) (**बगहा**):

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंध्राढाडी प्रखण्ड के डुमरा पंचायत में सरकारी जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद पंचायत सरकार भवन अभी तक नहीं बना है, यदि हाँ, तो क्या सरकार डुमरा पंचायत का पंचायत सरकार भवन कब तक बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सडक का निर्माण

*1564 **श्री रामवृक्ष सदा** (148) (**अलौली**):

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के अलौली विधान सभा अंतर्गत रौन पंचायत से लेकर सुम्बा तक 15.00 किमी सड़क नहीं है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार खगडिया जिला के उक्त स्थान के सडक का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## प्रखंड कार्यालय भवन का जीर्णोधार करना

*1565 Dr. Alok Ranjan (75) (Saharsa):

Rural Development :-

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सौरबाजार प्रखंड में निर्मित भवन काफी जर्जर है, जिससे आमलोगों को परेशानी होती है, यदि हाँ तो सरकार सौरबाजार प्रखंड के जर्जर प्रखंड कार्यालय भवन का कबतक जीर्णोधार कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*1566 Md. Afaque Alam (58) (Kasba, Purnia):

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि पूर्णियाॅ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के संझैली पंचायत में कदुआ गाॅव के लठियाधर के कोना परोखर में पुल नहीं रहने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाॅ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## एजेंसी पर कार्रवाई

*1567 Shri. Ajit Kumar Singh (201) (Dumraon ):

**Building Construction :-**

क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि बक्सर जिले में नवनिर्मित डाॅ० भीमराव अम्बेडकर 10+2 अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य एजेंसी द्वारा कार्य में अनियमितता की वजह से बिल्डिंग की दीवारों में दरारें पड़ी है तथा शिक्षक / शिक्षिकाओं सहित छात्रावास के कमरों में भी डैम्पनेश हैं;
2. क्या यह बात भी सही है कि निर्माण एजेंसी द्वारा एकरारनामे के मुताबिक निर्धारित सभी कार्यों को बिना गुणवत्ता पूर्वक पूरा किये ही भवन विभाग को हैंडओवर कर दिया गया है;
3. यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त आवासीय विद्यालय जैसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाली निर्माण एजेंसी तथा दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाॅ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## कटाव निरोधी कार्य

*1568 Shri. Manohar Prasad Singh (67) (Manihari):

**Water Resources** क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत लखनपुर पंचायत में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बेलगच्छी और आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या-145 अब महानन्दा नदी से मात्र 10 गज दूर है और इसी पंचायत में यदुवापाड़ा से इंगलिश तक महानन्दा नदी के पूर्वी किनारे में कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक कटाव निरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## सड़क का जीर्णोद्धार कराना

***1569** Shri. Pramod Kumar Sinha (10) (Raxaul):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि:-1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत आदापुर प्रखंड में GBC से चैनपुर तक जाने वाली सड़क लगभग 6 कि0मी0 क्षतिग्रत होने से आमजनों को आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है; यदि हां, तो सरकार उक्त सड़क का कब तक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

***1570** **श्री शिव प्रकाश रंजन** (195) (**अगिआंव** ):

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड-चरपोखरी के ग्राम-रेपुरा स्कूल से बनास नदी होते ग्राम कोयल तक सड़क नहीं है जिससे ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को नदी पार करके स्कूल जाने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार ग्राम-रेपुरा स्कूल से बनास नदी पर पुल निर्माण करते हुए ग्राम कोयल तक सड़क निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## सड़क का चौड़ीकरण

***1571** Shri. Vinay Bihari (05) (Lauriya):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत लौरिया विधान सभा क्षेत्र स्थित नंदनगढ़ व अशोक स्तंभ की खुबसुरती देखने हेतु पर्यटक मच्छगांवा से नंदनगढ़ भाया बरवा ओझा दोनवार भरहियां जानेवाली सड़क से होकर गुजरते है और इसके संकीर्ण होने से पर्यटकों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ तो, सरकार उक्त 12 किलोमीटर लंबी संकीर्ण सड़क को साढ़े पांच मीटर चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पथ का निर्माण

***1572** **श्री अमरजीत कुशवाहा** (106) (**जीरादेई**):

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सिवान जिला अंतर्गत मैरवा, रेलवे का रेक पोइंट होने के कारण बड़ी गाड़ी (हाइवा ट्रक) का आवागमन मैरवा शहर के बीच सड़क से होता है, जिससे पूरा मैरवा शहर घंटो जाम हो जाता है;

2. क्या यह बात सही है कि सड़क जाम होने से एम्बूलेंस भी नहीं निकल पाता है, जिससे मरीज की स्थिति काफी दयनीय हो जाती है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार मैरवा शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए मैरवा धाम पर रेलवे रेक पोइंट को सिवान गुठनी पथ से जोड़ने का विचार रखती है, हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कटाव निरोधी पक्का कार्य

*1573 **श्री निरंजन राय** (88) (**गायघाट**):

**जल संसाधन :-**

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखंड में बागमती नदी के तेज घार के कटाव से प्रतिवर्ष इस क्षेत्र के ग्रामीणों के घर सहित कृषि योग्य भूमि नदी में समाहित हो रही है ; यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित नदी के कटाव से बचाव हेतु कबतक कटाव निरोधी पक्का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## झील का जीर्णोद्धार

*1574 Shri. Muhammed Izhar Asfi (55) (Kochadhaman):

**Rural Development** क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड के पंचायत-डेरामारी में अवस्थित डेरामारी झील की स्थिति जीर्णशीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त डेरामारी झील का जीर्णोद्धार/सौन्दर्यकरण कार्य कराने का विचार रखती है, नही तो क्यो?

----

## सड़क निर्माण

*1575 Shri. Shamim Ahmad (12) (Narkatiya):

Road Construction :-

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि:-

1. क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क को पथ निर्माण विभाग सड़क से जोड़ने का प्रावधान है,

2. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कार्य प्रमण्डल ढ़ाका के अधीन चैलाहाँ- बेला नहर PWD सड़क फुलवार से लेकर नरकटिया PWD सड़क तक भाया ब्रहमपुरा, नरकटिया एवं बैकुण्ठवा तक ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क है, जबकि दोनो तरफ पथ निर्माण विभाग की सड़क है,

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारत्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में हस्तानातरण करते हुए उच्चस्तरीय सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यो?

----

## राशि का आवंटन

*1576 Dr. Nikki Hembrom (162) (Katoria):

Panchayati Raj :-

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सरकार के महत्वपूर्ण सात निश्चय योजना 2 के अंतर्गत नली गली पक्कीकरण योजना से क्षेत्र में सड़क एवं नाला का पक्कीकरण होना है;
2. क्या यह बात सही है कि बांका जिले के कटोरिया एवं बौंसी प्रखंड में नली गली योजना के तहत राशि का आवंटन नहीं हुआ है;
3. यदि उपर्युक्त खंडो का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार कटोरिया एवं बौंसी प्रखंड में नली गली पक्कीकरण योजना के तहत राशि का आवंटन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## पथ का चौड़ीकरण

*1577 **श्री संजय कुमार गुप्ता** (30) (**बेलसंड**):

**ग्रामीण कार्य** :-

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्र्तगत पीडब्लूडी वंशीपथरा से कुम्हरार पीडब्लूडी पथ जिसकी दूरी 11 किमी है उसकी चौडीकरण नहीं होने से हमेशा सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## कटाव निरोधक कार्य

***1578** Shri. Shambhu Nath Yadav (199) (Brahampur ):

Water Resources :-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सिमरी प्रखंड के केशोपुर पंचायत में वाटर टिटमेंट प्लांट लगाया गया है, जिसके 100 मीटर के पास गंगा का कटाव पहुच गया है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर गंगा कटाव से बचाव रोधक कार्य नहीं किये जाने के कारण पुरा ग्राम एवं सरकार का वाटर ट्रिटमेंट प्लांट नदी में विलीन होने के कगार पर है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त पंचायत में नदी से कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

***1579** Shri. Pramod Kumar (19) (Motihari):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :(1) क्या यह बात सही है कि मोतिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मधुबनीघाट पी0डब्लू0डी0 रोड बरदाहां ढाला से कसबा पीएमजीएसवाई रोड (सहबाना सड़क) तक कच्ची सड़क है जो जर्जर है एवं तीन प्रखण्डों (मोतिहारी, पिपराकोठी एवं पकड़ीदयाल प्रखण्ड) को जोड़ती है; (2) क्या यह बात सही है कि खण्ड-(1) के उक्त सहबाना सड़क का सर्वे हुआ था, जिसका सर्वे आईडी-86039 एवं लम्बाई-3.70 किमी0 है;(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार मधुबनीघाट पी0डब्लू0डी0 रोड बरदाहां ढाला से कसबा पीएमजीएसवाई रोड (सहबाना सड़क) का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क निर्माण कार्य

***1580** Shri. Umakant Singh (07) (Chanpatia):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत चनपटिया प्रखंड के दक्षिणी घोघा पंचायत में "बेतिया-मैनाटांड रोड आरसीडी लौकरिया से अहीर टोली" जाने वाली सड़क कच्ची एवं जर्जर अवस्था में है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त सड़क निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## फसल पटवन की व्यवस्था करना

*1581 **श्री प्रहलाद यादव** (167) (**सूर्यगढ़ा** ):

**लघु जल संसाधन :-**

क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के चानन प्रखंड के भलुई पंचायत में एक कुटवा कोल नाम का झरना है जिससे सालों भर पानी निकलते रहता है और पानी बर्बाद हो जाता है,
2. क्या यह बात सही है कि उसी झरना से सटे सैकड़ों एकड़ उपजाऊ जमीन है जो फसल पटवन के अभाव में सूख जाता है,
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त झरना के पानी को स्टोर कर कबतक पटवन की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## भवन का निर्माण

*1582 **श्री जितेंद्र कुमार** (171) (**अस्थावां** ):

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत बिंद प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय भवन/अंचल कार्यालय भवन काफी पुराना एवं जर्जर स्थिति में होने के कारण सरकारी कर्मी सहित आमलोगों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवन का जीर्णोद्धार या नया भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

*1583 **श्रीमती मनोरमा देवी** (232) (**बेलागंज** ):

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के नगर प्रखंड चंदौती के पटना डोभी मुख्य पथ के चाकद बाजार से पोस्ट ऑफिस होते हुये सूर्य मंदिर तक लगभग 2.5 किमी की सड़क जर्जर है;
2. क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के किनारे जल निकासी हेतु नाला नहीं रहने के

कारण सड़क पर जल जमाव होता है, जिससे आवगामन बाधित रहता है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार जनहित में पटना डोभी मुख्य पथ के चाकंद बाजार में पोस्ट आफीस होते हुये सूर्य मंदिर तक लगभग 2.5 किमी नाला सहित पक्की सड़क निर्माण करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल निर्माण

*1584 Shri. Vidya Sagar Keshari (48) (Forbesganj):

Rural Works :-

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि :-

1.क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज नगर परिषद के वार्ड 01के मेला रोड में सीताधार पर निर्मित पुल जर्जर रहने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है जिससे जान – माल का खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ,नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण

*1585 Shri. Chhatrapati Yadav (149) (Khagaria ):

Road Construction क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्खया यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत खगड़िया-परिहारा-बखरी पी.डब्लू.डी. पथ संकीर्ण एवं क्षतिग्रस्त है, जब एन.एच.-31 खगड़िया की सड़क जाम के कारण अवरूद्ध होने परा वाहन बखरी रेलवे ढाला से खगड़िया-परिहारा-बखरी पथ होते हुए समस्तीपुर, बेगुसराय, दरभंगा तथा पटना जाने हेतु उपयोग करती है, यदि हाँ तो सरकारउक्त सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पथ का निर्माण

*1586 Shri. Amar Kumar Paswan (91) (Bochahan ):

Rural Works क्या मंत्री , ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि बोचहां विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड मुशहरी, ग्राम-रजवारा, बूढ़ी गंडक बॉध से सहनी टोला, उजाम टोला, लोहार टोला, पासवान टोला, होते हुये अजय महतो के घर के बगल से मणिका विशुनपुर चाँद पंचायत भवन के बगल वाली सड़क जर्जर स्थिति में है जिससे आम जनता को आवागमन में काफी परेशानी होती है,

यदि हाँ तो, सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कटाव निरोधक कार्य कराना

*1587 Shri. Pranav Kumar (165) (Munger):

Water Resources क्या मंत्री,जल संसाधन विभाग, बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के बरियारपुर प्रखंड के करहरिया दक्षिण पंचायत अंतर्गत खड़िया पश्चिमी गांव महाने नदी में कटाव के कारण मानिखी दास के घर से करीम सदा के घर तक ग्रामीण सड़क कटने के कगार पर है, सड़क के अंदर का मिट्टी पानी के साथ बह गया है; यदि हाँ तो सरकार कबतक महाने नदी में उक्त स्थल पर कटाव निरोधक कार्य करवा कर उक्त सड़क को कटने से बचाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## जीर्णोद्धार करना

*1588 **श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय** (102) (**कुचायकोटे**):

**ग्रामीण विकास** क्या मत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखंड पंचदेवरी के पंचदेवरी मुख्य बाजार में हनुमान मंदिर के समीप स्थित तालाब जीर्णशीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तालाब का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यो ?

----

## अमृत सरोवर में चयन

*1589 **श्रीमती मीना कुमारी** (34) (**बाबूबरही**):

**पंचायती राज** :-

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र के लदनियां प्रखंड के पिपराही पंचायत के पिपराही ग्राम में एनएच 104 के बगल में दुल्हनी पोखर अवस्थित है;
2. क्या यह बात सही है कि सरकार के द्वारा सभी जिलों में कम से कम 75 अमृत सरोवर निर्माण विकास करने का लक्ष्य है;
3. क्या यह बात सही है कि पिपराही पंचायत में खात संख्या 661, खेसरा 3619, रकवा 4 एकड़ 18 डिसमिल सरकारी जमीन उपलब्ध है साथ ही उक्त पोखर अमृत सरावर के प्रक्रिया की सारी अर्हत्ता को पूर्ण करता है परंतु आजतक उक्त तालाब को अमृत सरोवर में चयन नहीं किया गया है;

4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार पिपराही पंचायत के पिपराही ग्राम में एनएच 104 के बगल में दुल्हनी पोखर को अमृत सरोवर में चयन कराने का विचार रखती है, हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## राशि विमुक्त न करने का औचित्य।

*1590 **श्री अजय कुमार सिंह** (166) (**जमालपुर, मुंगेर** ):

**पंचायती राज** क्या मंत्री , पंचायती राज विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि :- 1.क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री गली-नाली पक्कीकरण योजनान्तर्गत जिलाधिकारी, शिवहर के पत्रांक-498/05.06.2023 द्वारा इस जिला के मकसूदपुर कररिया एवं बेलहिया पंचायत सहित अन्य पंचायतों के लिए राशि विमुक्ति हेतु अधियाचना के आलोक में मकसूदपुर एवं बेलहिया पंचायत को छोड़कर अन्य पंचायतों को राशि विमुक्त कर दी गई; 2.क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक-11384/04.12.2024 द्वारा एक वित्तीय वर्ष में एक से अधिक बार पंचायत को गली-नाली पक्कीकरण हेतु राशि विमुक्त का प्रावधान नहीं होने के बाबजूद विभागीय पत्रांक-88/28.02.2025 द्वारा शिवहर जिला के श्यामपुर एवं महमदपुर कटसरी पंचायत को दोबारा राशि विमुक्त की गयी , जबकि जिलाधिकारी, शिवहर के पत्रांक-334/10.05.2024 द्वारा पुनः खंड-1 में वर्णित दोनों पंचायतों के लिए अनुरोध के बावजूद अबतक कोई राशि विमुक्त नहीं की गई ;3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खंड-1 में वर्णित दोनों पंचायतों को गली-नाली पक्कीकरण योजना के तहत राशि विमुक्त नहीं करने का क्या औचित्य है?

----

## पुल का निर्माण

*1591 Shri. Birendra Prasad Gupta (09) (Sikta):

Water Resources क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिला अंतर्गत सिकटा प्रखंड के त्रिवेणी नहर के भवंरी, भवरा लाइन परसा जंगीहरा भेडिहरवा गांवों के सामने संकीर्ण पुराने पुलों के जरिये ओरिया, सिकटा नदी के बाढ़ का पानी बहुत धीरे धीरे पास करता है जिसके कारण जल जमाव की स्थिति बनी रहने से हर साल नहर टूट जाती है एवं फसलों का नुकसान होता है, यदि हाँ, तो सरकार त्रिवेणी नहर में उपर वर्णित भंवरी आदि गांव के सामने कबतक अतिरिक्त पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

*1592 **श्री रणविजय साहू** (135) (**मोरवा** ):

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के शाहपुर पटोरी प्रखंड अंतर्गत हसनपुर सुरत स्थित पुरानी थाना के समीप आर डब्ल्यू डी रोड से जीवनी हाई स्कूल होते हुये बाया नदी के बांध तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो जाने के कारण यात्रियों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है और आये दिन दुर्घटनाएं होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## नाला का निर्माण

*1593 Shri. Arun Shankar Prasad (33) (Khajauli):

**Road Construction :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि भारत माला प्रोजेक्ट के तहत् एन.एच. 227 L का एलाइनमेन्ट मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी बाजार को छोड़कर बगल से गुजरती है जो प्रखण्ड मुख्यालय का सघन बाजार हैं;
2. क्या यह बात सही है कि मानसिंहपट्टी से बासोपट्टी के अंत तक लेफ्ट ऑफ सड़क गया है, जिसके दोनों किनारे का नाला निर्माण कार्य वर्ष 2012 से अधुरा होने के कारण जल निकासी की समस्या हमेशा बनी रहती है;
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बासोपट्टी बाजार में सड़क के दोनों ओर नाला निर्माण कराकर जल निकासी की समस्या से निदान कराना चाहती है, हॉ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## सडक का पुनर्निर्माण

*1594 **श्री मुकेश कुमार यादव (27) (बाजपट्टी):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्राी, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल पूपरी के प्रखंड बाजपटी में बेलहियां मधुबनी एमआर रोड कामेश्वर प्र0 के घर से मधुबनी नाहर तक जिसकी लंबाई 1.300 किमी एवं बनगांव नियर दिलिप चौधरी के घर से हरपुरवा टोला तक जिसकी लंबाई 1.200 किमी है यह सड़क काफी जर्जर हो चुकी है ; यदि हां तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## नाला का निर्माण

*1595 Shri. Ram Bali Singh Yadav (217) (Ghosi ):

Road Construction क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अंतर्गत मोदनगंज प्रखंड का मिल्की पर गांव जो एन.एच.-110 (एकंगरसराय-डिविजन) पर अवस्थित है, जिसके किनारे नाला नहीं होने से जल जमाव की वजह से सड़क खराब हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कब तक नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## फोरलेन सड़क निर्माण

*1596 **श्री नारायण प्रसाद** (06) (**नौतन**):

**पथ निर्माण** स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-17.02.2025 के अंक में प्रकाशित "पटना-बेतिया फोरलेन के लिए धर्मिक स्थलों का बनेगा डाटा" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत एन0एच0-139 डब्लू को फोरलेन बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें जगदीशपुर से मनुआपुल तक सड़क के किनारे की भूमि की सफाई हेतु मंदिर/मस्जिद/श्मशान/कब्रगाह तथा पेड़ों का डाटा बेस बनाकर सफाई की जानी है, जिसका कार्य अभी प्रारंभ नहीं किया जा सका है, जिसके कारण सड़कों के किनारे तेजी से अतिक्रमण का सिलसिला जारी है; यदि हाॅ, तो क्या सरकार चिन्हित स्थानों की भूमि को अविलंब नापी कराकर फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## नया रिंग बांध बनाना

*1597 Shri. Rampravesh Rai (100) (Barauli ):

Water Resources :-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि सारण मुख्य बांध् के सुरक्षा हेतु सभी जगह विभाग द्वारा रिंग बांध का निर्माण कराया गया है;

2. क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अंतर्गत सारण मुख्य बांध की सुरक्षा हेतु देवापुर से परसौनी रामपुर तक कोई रिंग बांध नहीं है जिसके चलते प्रत्येक वर्ष मुख्य बांध पर भारी दबाव के कारण बांध टुटने का खतरा बना रहता है एवं पूर्व में देवापुर तथा बतरदेह में बांध टूट भी चूका है;

3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सारण मुख्य बांध देवापुर से परसौनी रामपुर तक नया रिंग बांध बनाने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं, तो क्यों ?

----

## सड़क सह पुल का पक्कीकरण

*1598 Shri. Dhirendra Pratap Singh alias Rinku Singh (01) (Valmiki Nagar):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पं. चम्पारण जिलान्तर्गत मधुबनी प्रखण्ड के बरवा पंचायत में प्रह्लाद यादव के घर से राधे यादव के घर एवं कुटियवा होते हुए नौका टोला तक सड़क सह पुल एवं मधुबनी प्रखण्ड के बरवा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय घुसरी में सिंसवा गांव के केदार यादव के घर तक सड़क सह पुल कच्ची होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो सरकार उक्त स्थानों पर सड़क सह पुल का पक्कीकरण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## सड़क को चौडाकर पक्कीकरण करना

*1599 Shri. Rajesh Kumar Singh (104) (Hathua ):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-1. क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत फुलवरिया प्रखंड के मगिरवां कला पंचायत के मुजरिवां खुर्द से अरपुरवा भाया घेटनहा सुखनिया तक की सड़क कच्ची एवं क्षतिग्रसत है,यदि हां तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सड़क को चौडाकर पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का पक्कीकरण

*1600 **श्री राकेश कुमार रौशन** (174) (**इस्लामपुर, नालन्दा** ):

**ग्रामीण कार्य** :-

क्या मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के हिलसा कार्य प्रमंडल अंतर्गत इस्लामपुर प्रखंड के गडेरिया बिगहा से कासीमपुर नहर तक एवं लालाबिगहा से पितंबरपुर तक सड़क जीर्णशीर्ण है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त् दोनों सड़क का निर्माण नहीं होने से 2500 एवं 3000 से

अधिक आबादी को साथ ही स्कूल कॉलेज तक जाने वाले बच्चे बच्चियों को बरसात के दिनों में आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त ग्रामीण सड़कों को पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## जल निकासी की व्यवस्था

*1601 **श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव** (90) (**मीनापुर**):

**ग्रामीण विकास** क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखंड के मुकसुदपुर गांव के वार्ड नं0 -06 में दलितों के मुहल्ले में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं रहने से मुहल्ले में जल जमाव हो जाता है यदि हां तो सरकार उक्त मुहल्ले से जल निकासी की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## ओवरब्रिज में लिफ्ट

*1602 **श्री संजीव चौरसिया** (181) (**दीघा** ):

**पथ निर्माण** :-

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि बुजुर्ग और दिव्यांग राहगीरों की सुविधा के लिए पटना जिलान्तर्गत अटल पथ पर लिफ्ट के साथ फुट ओवरब्रिज बनाए गए हैं, जिसे अबतक चालू नहीं किया गया है;
2. क्या यह बात सही है कि पुनाईचक स्थित मोहनपुर पंप हाउस के पास बने फुट ओवरब्रिज में अबतक लिफ्ट नहीं लगाया गया है;
3. यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार फुट ओवरब्रिज में लगे लिफ्ट को चालू कराने के साथ साथ पुनाईचक स्थित मोहनपुर पंप हाउस के पास बने फुट ओवेरब्रिज में लिफ्ट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## जल निकासी की व्यवस्था कराना

*1603 Shri. Mohammad Anzar Nayeemi (52) (Bahadurganj):

Water Resources क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत महेश बथना के झींगा काय हाट से लाट टोला गाँव तक सैंकड़ों एकड़ जमीन पर जल जमाव है, जो वर्षा के दिनों में और अधिक भूभाग तक फ़ैल जाता है, जिससे किसानों के फसल का उपज सही ढंग से नहीं हो पता है, यदि हाँ तो सरकार उक्त क्षेत्र से कब तक

जल निकासी कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## चैक डैम का निर्माण

***1604 श्री हरीभूषण ठाकुर "बचोल" (35) (बिस्फी):**

**लघु जल संसाधन :-**

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के विस्फी प्रखण्ड अन्तर्गत जल जीवन हरियाली योजना के तहत इटहर चैक डैम योजना विगत पाँच वर्षो से प्रस्तावित है,

2. क्या यह बात सही है कि उक्त इटहर चैक डैक का निर्माण नही होने के कारण किसानों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है,

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त इटहर चैक डैम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

***1605 Smt. Rashmi Varma (03) (Narkatiaganj):**

**Water Resources :-**

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिला अंतर्गत नरकटियागंज अनुमंडल मुख्यालय शहर के मध्य प्रवाहित होने वाली साठी - बेलवा नहर के दोनों तरफ की बांध पर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे नहर में जल प्रवाह कम हो गई है;

2.क्या यह बात सही है कि उक्त नहर के दोनों तरफ की बांध पर डॉक्टर बी के चौहान के क्लीनिक से डीएभी स्कूल तक यातायात हेतु सड़क निर्माण नहीं होने से शहर वासी को आवागमन में कठिनाई होती है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार उक्त साठी बेलवा - नहर के दोनों तरफ डॉक्टर बी के चौहान क्लिनिक से डीएभी स्कूल तक कबतक सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

***1606 Shri. Ijaharul Husain (54) (Kishanganj):**

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज प्रखंड के सिंधिया कुलामनी पंचायत में सेतीघाटा चौंदी गांव के पास रमजान नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

***1607 Shri. Rana Randhir (18) (Madhuban):**

**Road Construction** क्या मंत्री, पथ निमाण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के पकड़ीदयाल प्रखंड के सिरहां पंचायत के इटवा ग्राम में बूढी गंडक नदी पर पुल के अभाव में पकड़ीदयाल अनुमंडल सहित शिवहर, सीतामढ़ी का सीधा संपर्क इस्ट वेस्ट कोरिडोर से नहीं हो पा रहा है, जिससे आम जनता को मुख्यालय आने जाने के लिए 40 से 50 किमी की दूरी तय करनी पडती है यदि हां तो सरकार ईटवा ग्राम में बूढ़ी गंडक नदी पर कब तक आरसीसी उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## बाँध का जीर्णाद्धार

***1608 श्री राजेश कुमार (222) (कुटुम्बा ):**

**लघु जल संसाधन** क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा विधान सभा अन्तर्गत प्रखंड कुटुम्बा में मटपा जमींदारी बाँध अत्यन्त जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त जमींदारी बाँध का जीर्णाद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## करवाई करना

***1609 श्री कुंदन कुमार (146) (बेगूसराय ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्राी, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखण्ड के वन्द्वार पंचायत अन्तर्गत हरिजन बैठका वन्द्वार से कुंजर टोली होते हुए छतौना बांध् तक जाने वाली लगभग 2 कि0मी0 की सड़क एवं हरदिया एस.एच.-55 से सिकंदपुर होते हुए जिनेदपुर तक जाने वाली लगभग 2 कि0मी0 की सड़क जो काफी जर्जर अवस्था में होने के कारण ग्रामिणों एवं किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कार्य

कब तक प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## मजदूरी/ पारिश्रमिक देना

*1610 Shri. Prem Shankar Prasad (99) (Baikunthpur ):

Rural Development :-

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान फेज-2 अन्तर्गत प्रखंड एवं जिला में कार्यरत वार रूम कर्मी का पारिश्रमिक न्यूनतम मजदूरी से कम दिया जाता है,

2. क्या यह बात सही है कि श्रमनियोजन द्वारा निर्गत अधिसूचना के अनुसार अतिकुशल कामगारों को 611 रू0 एवं कुशल कामगारो को 500 रू0 देना है,

3. यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार राज्य के सभी प्रखंड एवं जिला में कार्यरत वार रूम कर्मी को श्रम नियोजन विभाग के अनुरूप न्यूनतम मजदूरी/ पारिश्रमिक देने की विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## दोषियों विरूद्ध कार्रवाई

*1611 **श्री राम चन्द्र प्रसाद (84) (हायाघाट):**

**पंचायती राज** क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर अंतर्गत पंचायत राज गौसपुर सरसौना में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता बरती गई है, जिससे उक्त पंचायत का विकास अवरूद्ध है,

2. क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी समस्तीपुर के पत्रांक 2390/ पं0 दिनांक-30.05.2024 के द्वारा ग्राम पंचायत राज गौसपुर सरसौना के क्रिया-कलाप की जाँच का आदेश दिया गया था,

3 . यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो, क्या सरकार दोषी कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## पुल का पुनर्निर्माण

*1612 Shri. Anand Shankar Singh (223) (Aurangabad ):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के औरंगाबाद प्रखण्ड के ग्राम पंचायत फेसर के ग्राम सोहरैया - दिलमोहम्मदगंज के बीच अवस्थित पुल काफी जर्जर होने के कारण लोगों को

आवागमन में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का पुनर्निर्माण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## कटाव निरोधक कार्य कराना

*1613 Shri. Akhtarul Iman (56) (Amour):

Water Resources :-

क्या मंत्री , जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला अन्तर्गत अमौर प्रखण्ड के ग्राम-भागताहीर, वार्ड नं0-12 में इस वर्ष दास नदी के कटाव से 05 परिवारों का घर नदी में कटकर विलीन हो चुका है,

2. क्या यह बात सही है कि इस वर्ष कटाव निरोधक कार्य के चयनित सूची ग्रामों में उक्त ग्राम का चयन नहीं हुआ है,

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त गांव में कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*1614 Shri. Siddharth Saurav (191) (Bikram ):

Water Resources :- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड बिक्रम, पंचायत – सुन्दरपुर चौठिया के ग्राम सरवां भदसारा में ब्रिटिश समय की निर्मित पुल (लम्बाई – 30 फीट, चोड़ाई – 12 फीट ) पूरी तरह ध्वस्त हो जाने के कारण आमजनों के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

*1615 Shri. Akhtarul Islam Shahin (133) (Samastipur):

Rural Works :-

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत प्रखंड समस्तीपुर के एकल संपर्कता विहीन बसावटों का सर्वे विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य हेतु कराया गया है;
2. क्या यह बात सही है कि अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल

समस्तीपुर ने अपने पत्रांक 289(अनु०), दिनांक- 24.02.2024 को मुख्य अभियंता 04 दरभंगा ग्रामीण कार्य विभाग को MMGSY रोड से महादलित टोला सहित कुल 12 पथों का प्राकलन तैयार कर तकनीक अनुमोदन प्रदान करने हेतु भेजा गया है जो अभी तक लंबित है;

3. यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित ग्रामीण सड़कों का निर्माण कार्य कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों?

----

## आर.सी.सी. पुलिया का निर्माण

*1616 Shri. Pankaj Kumar Mishra (29) (Runnisaidpur):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1.क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड अन्तर्गत बगाही रामनगर पंचायत के हिरदोपट्टी से रैन विषुणी पथ में आर.सी.सी. पुलिया नदी होने के कारण बाढ़ के समय में आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार उक्त सड़क में आर.सी.सी. पुलिया का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नही तो क्यों?

----

## पदाधिकारियों को दंडित करना

*1617 **श्री गोपाल रविदास** (188) (**फुलवारी** ):

**पंचायती राज** :-

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत ग्राम-बेहरावा चकिया मुशहरी ग्राम पंचायत-बेहरवा पिपरा, पुनपुन में जल नल योजना की सप्लाई मशीन पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण एक साल से बंद पड़ा है, जिसके कारण लोगों को पानी कि किल्लत से जूझना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार पानी की सप्लाई कबतक शुरू कर लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों को दंडित करने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

----

## वैकल्पिक पथ का निर्माण

*1618 Shri. Krishna Kumar Rishi (59) (Banmankhi):

Road Construction क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमनखी में बियाडा की भूमि है, जिसपर आने-जाने हेतु शहर के मध्य से गुजरने वाली एक हीं संकीर्ण पथ है, यदि हाँ तो सरकार एन0एच0-107 से वियाडा की भूमि तक वैकल्पिक पथ का निर्माण कब तक कराने का

विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## नाला का निर्माण

***1619 श्री राम सूरत कुमार** (89) ( **औराई**):

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रखंड कटरा के पहसौल मुन्ना प्रसाद के आरा मशीन से जिलेबिया मोड़ तक एवं पंचायत बर्रि के गंगिया कुशेश्वर साह के घर से उच्च विद्यालय गंगिया के पूल तक नाला नहीं है, जिसके कारण वर्षा का पानी जमा हो जाता है, जिससे पूरे बाजार के व्यवसायी आम जनता एवं भारी वाहन को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नाला का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है नहीं तो क्यों?

----

## नाला का निर्माण

*1620 Shri. Vishwanath Ram (202) (Rajpur ):

**Rural Development** क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के प्रखंड राजपुर के ग्राम राजपुर में जल जमाव के कारण इस ग्राम की आधी आबादी जलमग्न रहती है जिसके कारण ग्रामीणों को बाहर निकलने में परेशानी होती है; यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त स्थान पर नाला निर्माण कराकर जल जमाव से मुक्त कराने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों?

----

## तालाब का जीर्णोद्धार एवं छठ घाट का निर्माण

*1621 Shri. Arun Singh (213) (Karakat ):

**Minor Water Resource** क्या मंत्री ,लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट विधा न सभा के प्रखंड -काराकाट, पंचायत -दनवार, ग्राम गुजरू में गुजरू सूर्य मंदिर के समीप स्थित तालाब में शिवरात्रि एवं छठव्रत के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं की बहुत बड़ी संख्या में उपस्थिति रहती है; यदि हाँ तो सरकार सूर्य मंदिर के समीप उक्त तालाब का जीर्णोद्धार /मरम्मति एवं छठ घाट का निर्माण कार्य कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पुलिया का निर्माण

*1622 Shri. Maha Nand Singh (214) (Arwal):

Water Resources :-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने का कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह बात सही है कि जिला अरवल में सोन नदी से बालू उठाने वाले संवेदकों के लिए नहरों में पुल बनाने में कोई मानक की जरूरत नहीं होती है ; 2. क्या यह बात सही है कि अमरा रजवाहा समेत पटना मुख्य नहर व आरपीसी चैनल -2 पर कई पुलिया का निर्माण किया गया है ; 3. क्या यह बात सही है कि कलेर प्रखण्ड के लक्ष्मणपुर बाथे, करपी प्रखण्ड के परसन बिगहा, पांचू बिगहा, अरवल प्रखण्ड के परसादी इंग्लिश रविदास टोला, व मिर्जा बिगहा में रजवाहा आरपीसी चैनल पर पुलिया निर्माण के लिए एनओसी नहीं मिलने से पुल नहीं बन पा रहा है, जिससे आम नागरिकों को परेशानी होती है ; यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार बालू निकासी करने वालों के आधार पर नागरिकों के सहुलियत के लिए खंड 3 में वर्णित स्थल पर कब तक पुलिया का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## विकास कार्य करवाने के सम्बन्ध में

*1623 Shri. Dilip Ray (26) (Sursand):

Panchayati Raj क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला परिषद् में 15वीं वित्त आयोग के मद की वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 की योजना ई0 ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड है तथा उपरोक्त वर्षों के लिये राशि भी आवंटित की जा चुकी है;

2. क्या यह बात सही है कि मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति नहीं दिये जाने के कारण विकास कार्य बाधित हो रहा है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार 15वीं वित्त मद की उक्त वर्षों के लिये स्वीकृत राशि को विकास कार्य में उपयोग हेतु अग्रतर कार्रवाई का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पुलिया का निर्माण

*1624 **श्रीमती प्रतिमा कुमारी** (127) (**राजा पाकर** ):

**ग्रामीण कार्य** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के प्रखण्ड सहदेई बुजुर्ग अंतर्गत बाजितपुर पंचायत के वार्ड नं. - 5 में नहर के उपर पुलिया नहीं होने से नहर के दोनों किनारे बसे आबादी को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त

पंचायत के वार्ड नं. - 5 में नहर के उपर पुलिया का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## जाँच करवाना

*1625 Shri. Murari Mohan Jha (86) (Keoti):

**Rural Development** क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी विधनसभा क्षेत्र अंतर्गत सिंघवाडा प्रखंड में पदस्थापित मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में किये जा रहे कार्यों में व्यापक पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है जैसे लेबर के स्थान जेसीबी एवं ट्रेक्टर से कार्य करवाया जा रहा है वो भी बिना योजना के नाम का बोर्ड लगाए हुये| इससे यह साबित होता है कि मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा नियम के विरुद्ध कार्य करवाया जा रहा है,यदि हां, तो क्या सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में उक्त प्रखंड में मनरेगा के तहत करवाये गये योजना की उच्च स्तरीय जांच करवाने का विचार रखती है, हां तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

----

## संसाधन उपलब्ध कराना

*1626 Shri. Vijay Kumar Khemka (62) (Purnia):

**Panchayati Raj :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य के पंचायती राज के अधीन न्याय के पद पर सरपंच एवं न्याय मित्र के माध्यम से गांव के छोटे छोटे मामले का समाधान होता है;
2. क्या यह बात सही है कि सरपंच एवं न्याय मित्र के न्यायालय संचालन की सक्षम प्रावधान में संशोधन नहीं होने एवं संसाधन के अभाव में गांवों के पंचायत में भारी कठिनाई होती है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार पंचायती राज विभाग द्वारा सभी सरपंचों एवं न्याय मित्रों के नियम में संशोधन करते हुए आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## सड़क की दोहरीकरण

*1627 Shri. Ashok Kumar Singh (203) (Ramgarh, Kaimur ):

**Road Construction :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि :-

1. क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत रामगढ मुखराव पथ में सिसोडा से गोरिया नदी तक दो लेन की सड़क है, एवं गोरिया नदी से मुखराव तक एक लेन की सड़क होने से आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार गोरिया नदी से मुखराव तक सड़क का दोहरीकरण कबतक कराने की विचार रखती हैं, नही तो क्यों?

----

## करवाई करना

*1628 **Smt. Shalini Mishra (15) (Kesaria):**

**Rural Development :-**

स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 24.12.2021 को प्रकाशित " जीवन मिशन में कौशल प्रशिक्षण के लिए चेन्नई की दिवालिया कंपनी को दिया टेंडर, 1.94 करोड़ का गबन" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा वर्ष 2014 में एवरॉन स्किल डेवलपमेंट लि०, चेन्नई कंपनी को तीन हजार ग्रामीण युवकों की कौशल प्रशिक्षण और नियोजन के लिये 7.77 करोड़ की योजना का 25 प्रतिशत यानि 1.17 करोड रूपया 03 दिसंबर 2015 को दिए गए थे, परंतु कंपनी द्वारा सिर्फ 441 को प्रशिक्षित किया गया एवं 61 युवाओं को नियोजित कराया गया तथा 1.17 करोड़ रूपये की राशि का गबन कर लिया गया है;
2. क्या यह बात सही है कि जीविका मिशन ने कौशल प्रशिक्षण के लिए एवरॉन स्किल डेवलपमेंट लिमिटेड, चेन्नई की दिवालिया कंपनी को टेंडर दे दिया गया, जिसके कारण 1.94 करोड़ की राशि का गबन कंपनी द्वारा कर लिया गया है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोषी कंपनी एवं पदाधिकारी के विरूद्ध कौन सी कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पुल निर्माण

*1629 **श्री मनोज कुमार यादव** (16) (**कल्याणपुर**):

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत कोटवा प्रखण्ड के बड़हरवा कला पश्चिमी पंचायत में बिन टोली के सामने मासान माई स्थान के पास समौती नदी पर पुल

नहीं होने के कारण निकटवर्ती एवं आवासीत आबादी को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है, जबकि नदी के दोनों तरफ आर.डब्लू.डी. पथ है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर पुल निर्माण कार्य कराने के लिए कार्यपालक अभियन्ता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, मोतिहारी द्वार उचित माध्यम से विभाग को चेक लिस्ट भेजा जा चुका है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त स्थान में पुल निर्माण कार्य कराने की विचार रखती है, हॉ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## जलाशय का निर्माण

*1630 Shri. Sandeep Saurav (190) (Paliganj ):

Water Resources :-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि प्रधानमंत्री कार्यालय के पत्रांक PMOPG/D/2021/0194736 दिनांक 13-08-2021 के द्वारा पर्यटन विभाग, बिहार को नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड स्थित मधुवन एवं मोतनाजे गांव स्थित शिव मंदिर, सूर्य मंदिर एवं प्रसिद्ध राजगीर के 52 गर्म कुण्डों में 3 कुण्ड को संरक्षित करने और उसे पर्यटन के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया गया है;
2. क्या यह बात सही है कि गंगाजल आपूर्ति योजना फेज़-2 के अंतर्गत जलाशय निर्माण से सांस्कृतिक महत्व के उक्त स्थलों और दोनों गाँवों को नष्ट किया जा रहा है जबकि वहां से नजदीक गेहलौर घाटी के पास सरकारी भूमि उपलब्ध है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त योजना को स्थानांतरित कर नवादा जिले के गेहलौर घाटी के पास उपलब्ध सरकारी भूमि पर जलाशय निर्माण कराने पर विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## साईफन का निर्माण

*1631 Shri. Rambilash Kamat (42) (Nirmali ):

Water Resources :-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखंड के गम्हरिया उप शाखा नहर से 114.60 से निकलने वाली ग्रामीण नाला एवं 111 ग्रामीण नाला के बॉये तरफ पटवन हेतु साईफन का निर्माण किया गया है;

2. क्या यह बात सही है कि साईफन क्षतिग्रस्त तथा नीचे हो जाने के कारण पानी का बहाव कम हो गया है, जिस कारण पटवन नहीं हो पा रहा है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार साईफन का पुन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*1632 **श्रीमती भागीरथी देवी** (02) (**रामनगर**):

**ग्रामीण कार्य** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत प्रखण्ड गौनाहा के पंचायत भितिहरवा में ग्राम मर्जदी और ग्राम मेधौली के बीच पथ में हड़बोड़ा नदी पर पुल नहीं है जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि, हॉ तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पारिश्रमिक भुगतान करना

*1633 Shri. Ram Vishun Singh (197) (Jagdishpur):

Rural Development :-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखण्ड के हरदियॉ पंचायत में मनरेगा योजना से वर्ष 2014 में किये गए कार्य में मजदूरों के मजदूरी का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त मनरेगा कार्य के मजदूरों का पारिश्रमिक भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## आर0सी0सी0 पुल का निर्माण

*1634 Shri. Yusuf Salahuddin (76) (Simri Bakhtiarpur ):

Rural Works :-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि नाबार्ड ऋण योजनांतर्गत सहरसा जिला स्थित महिषी प्रखंड के झारा पंचायत में ऐना से कनड़िया पथ के डकरा नदी पर 25x24.75m आकार के बेहद महत्वपुर्ण उच्च स्तरीय आर0सी0सी0 पुल निर्माण कार्य के पुनरीक्षित प्राक्कलन को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने में विभाग द्वारा लगभग सात महीने से किसी भी प्रकार का कार्य नहीं किया गया है, यदि हॉ, तो सरकार कबतक उक्त उच्च स्तरीय आर0सी0सी0 पुल निर्माण कार्य प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## नहर का निर्माण

*1635 **श्रीमती दीपा कुमारी** (227) **(इमामगंज ):**

**जल संसाधन :-**

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि गया जिला के डुमरिया प्रखण्ड के ग्राम पंचायत कोल्हवार अंतर्गत ग्राम रजकैल में दो पहाडियों से घिरा हुआ प्राकृतिक स्थल है, जहॉ से काफी मात्रा में जल की निकासी होती है परन्तु दोनों पहाड़ी के बीच बॉध् नहीं होने से ये पानी बर्बाद हो जाते है, जिससे 2500 हेक्टेयर से अधिक जमीन सिंचित होने से वंचित हो जाते है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक बॉध् एवं नहर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*1636 **श्री अनिल कुमार** (24) **(बथनाहा):**

**ग्रामीण कार्य** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि बथनाहा प्रखंड के सपौली सपहरा पंचायत के मलहा से सपौली सपहरा पथ में लखनदेई नदी पर आजतक पूल का निर्माण नहीं होने से बाढ एवं बरसात के समय आमजनों को काफी कठिनाई का सामना करना पडता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

*1637 **ई० शशि भूषण सिंह** (11) **(सुगौली):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के प्रखंड सुगौली में स्थित बुढ़ी गंडक नदी पर ग्राम पं0 रौशनपुर सपहा ये सपहा के बीच पुल का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके करण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ तो सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सड़कों का निर्माण

*1638 Dr. Ramanuj Prasad (122) (Sonepur ):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रमीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखंडान्तर्गत झौवा पंचायत के महुवानी ग्राम के वार्ड नं०- 07 में झौवा आर डब्ल्यू डी सड़क से बहेरवागाछी टोला तक सड़क एवं सोनपुर प्रखंडान्तर्गत गोपालपुर पंचायत के गोपालपुर ग्राम के वार्ड नं०-14 में एन०एच०-19 से गंगा किनारे तक सडक नहीं रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, तथा बरसात के दिनों में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है, यदि हां, तो सरकार उक्त् वर्णित सड़कों का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पोखरों की उडाही

*1639 Shri. Samir Kumar Mahaseth (36) (Madhubani):

Rural Development क्या मंत्री,ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि वर्ष 2019 से शुरू हुए जल जीवन हरियाली मिशन के तहत सभी पोखरों की उड़ाही कर उसका सौंदर्यीकरण किया जाना था परंतु मधुबनी जिला के 200 पोखरों में से किसी भी पोखर की न तो उड़ाही की गयी और न ही सौंदर्यीकरण, यदि हां तो सरकार कब तक मधुबनी जिला के पोखरों की उड़ाही एवं सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क चौड़ीकरण

*1640 Shri. Kumar Shailendra (152) (Bihpur):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड में सोनवर्षा दुमूंही चौक से एनएच 31 बीरबन्ना तक आरईओ की सड़क है यह सड़क एक छोर आरसीडी एवं दूसरा छोर एनएच 31 से संपर्क है, इस सड़क का चौड़ीकरण नहीं होने के कारण सड़क जाम हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

*1641 श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (240) (सिकंदरा ):

**ग्रामीण कार्य** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के खैरा प्रखण्ड के ग्राम-भगरार के बुनवुनी नदी पर बेलघाट के नजदीक पुल नहीं होने के कारण गोली, अरूणमावॉक, गरही एवं हरखार पंचायतों के साथ अन्य गॉव के लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार बुनवुनी नदी पर बेलाघाट के नजदीक पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## सड़क का पक्कीकरण

*1642 Shri. Achmit Rishidev (47) (Raniganj, Araria):

Rural Works :-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत परिहारी में वार्ड नं0-14 लछहा भित्ता में शंकर मंडल के घर के पास से बनमनखी प्रखंड के हरिमुड़ी पंचायत के सीमा तक रानीगंज प्रखंड को बनमनखी प्रखंड से जोड़नेवाली 2 किलोमीटर सड़क अबतक कच्ची है जिसके कारण बरसात में आवागमन में कठिनाई होती है; यदि हाँ तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

----

## संपर्कता प्रदान करना

*1643 Shri. Kumar Sarvjeet (229) (Bodh Gaya ):

Rural Works क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत फतेहपुर प्रखण्ड के सलैया-सिवना रोड से चौधरी टोला सिवना तक लम्बाई-0.7 कि.मी.में कोई सम्पर्कता नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना कराना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बसावट को सम्पर्कता प्रदान करने के लिए कबतक पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## विधुत शवदाह गृह बनाने के संबंध मे

*1644 Dr. Sanjeev Kumar (151) (Parbatta):

Rural Development :-

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि -

1. क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्यमंत्री जी के समाधान यात्रा के दौरान समीक्षा बैठक में खगड़िया जिला के परबत्ता प्रखंड में अगुवानी गंगा घाट के पास शवदाह गृह और विधुत शव दाह गृह की त्वरित कार्रवाई के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया था परन्तु एक साल से अधिक होने पर भी जमीनी स्तर पर कोई कार्य इस दिशा में नही दिख रहा है;
2. क्या यह बात सही है कि यहां प्रत्येक दिन दर्जनों शवों का दाह संस्कार होता है, शव दाह संस्कार में आने वाले लोगों को धूप, वर्षा में परेशानियों का सामना करना पड़ता है;
3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक शव दाह गृह और विधुत शव दाह गृह का निर्माण कराने का विचार रखती है , नही, तो क्यों ?

----

## पुल निर्माण

***1645 ShuShree Shreyasi Singh (241) (Jamui ):**

**Road Construction :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि जमुई-लखीसराय जिला सीमा पर स्थित किउल नदी पर मंझवे-भलुई घाट (मननपुर बाजार) पर पुल नहीं रहने के कारण लगभग 20 हजार से अधिक स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ , तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## सड़क का कालीकरण

***1646 Shri. Ajay Yadav (233) (Atri ):**

**Rural Works** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत प्रखंड नीमचक बथानी के ग्राम पंचायत सिंघौल में ग्राम बहुआरा मुख्य पथ से पंचोरा आहर एवं मकरकेन आहर होते हुए नालंदा जिला के ग्राम रटना मुख्य पथ तक सड़क कालीकरण का निर्माण नहीं कराया गया है;
2. क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के कालीकरण निर्माण नहीं होने के कारण आम जनता एवं ग्रामीणों तथा वाहनों के आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त सड़क का

कालीकरण  करने का विचार रखती है, हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

*1647 Smt. Manju Agrawal (226) (Sherghati ):

Rural Works क्या मंत्री , ग्रामीण कार्य विभाग , यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-1. क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड डोभी के ग्राम पंचायत-पट्टी के पक्की सड़क मुसेहना से ग्राम-कंगाली बिगहा एवं पट्टी बंगला से ग्राम-भेलवा होते हुए नीलांजन नदी तक एवं  नगर पंचायत डोभी के ग्राम केशापी सूर्यमंदिर से ग्राम कंजियार देवी मंदिर होते हुए शिव मंदिर तक सड़क निर्मित नहीं रहने से आवागमन में काफी कठिनाई उत्पन्न होती है ; यदि हाँ, तो सरकार  उक्त स्थानों पर सड़क का निर्माण कबतक करवाने का विचार करती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का चौड़ीकरण

*1648 **श्री मिश्री लाल यादव** (81) (**अलीनगर**):

**पथ निर्माण** :-

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के अलीनगर विधान सभा के जयन्तीपुर मलीया चौक महिनाम से ढेंगहा जाने वाली सड़क की चौड़ी कम है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क महिनाम से ढेंगहा एवं झंझारपुर को जोड़ती  है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के  उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार  उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पुलिया का पुनःनिर्माण

*1649 Shri. Saud Alam (53) (Thakurganj):

Road Construction क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के दिघलबैंक प्रखंड अंतर्गत करुआमनी पंचायत के बारोभाँग गाँव से कद्दूभिटा के डे-मार्केट - कद्दूभिटा सड़क को जोड़ने वाली ग्रामीण पथ पर ग्राम बारोभाँग में निर्मित पुलिया वर्ष 2017 के बाढ़ में ध्वस्त हो जाने के कारण आवागमन पूर्णतः बाधित है, जिससे ग्रामीणों सहित स्थानीय पदाधिकारियों एवं राष्ट्रीय सुरक्षा में लगे SSB के जवानों को प्रशासनिक नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था संधारण में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ तो सरकार उक्त पुलिया का पुनःनिर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पथ का पुनर्निर्माण

***1650 मो० इसराईल मंसूरी (95) (कांटी):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कॉटी प्रखण्ड के एन0एच0-28 दादर कोल्हुआ होते हुए एन0एच0-57 तक पथ का निर्माण विभाग में अधिग्रहण करने हेतु कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल सं0-1, मुजफ्फरपुर के ज्ञापांक-1193, दिनांक-10.06.2023 द्वारा अधीक्षण अभियंता, उत्तर बिहार पथ अंचल, मुजफ्फरपुर को प्रतिवेदन सौंपा गया है, लेकिन आजतक उक्त सड़कों को अधिग्रहण नहीं किया गया है, यदि हाँ तो सरकार उक्त पथों को पथ निर्माण विभाग में कबतक अधिग्रहित करते हुए इसका पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## चेक डैम का निर्माण

*1651 Shri. Pawan Kumar Yadav (155) (Kahalgaon ):

Water Resources :-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखंड के सारथ डहरपुर पंचायत अंतर्गत रामपुर मौजा में भरोखर गाँव के पास ककवारा (कोलुआ) नदी पर बना चेक डैम ध्वस्त हो जाने से किसानों को सिंचाई में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ध्वस्त चेक डैम के स्थान पर नया चेक डैम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## स्वच्छता कर्मीयों का मानदेय बढ़ाना

*1652 Shri. Jai Prakash Yadav (46) (Narpatganj):

Rural Development :-

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज 2 अंतर्गत ठोस, तरल एवं अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य में पंचायत में कार्यरत स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी घर-घर से कचरा उठाने का कार्य कर रहे हैं;
2. क्या यह बात सही है कि स्वच्छता पर्यवेक्षक को प्रतिमाह 7500 रुपया मानदेय का भुगतान किया जाता है, जो दैनिक 250 रुपया होता है। जबकि स्वच्छता कर्मी को

कुल 3000 रुपया प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है जो प्रतिदिन 100 रुपया होता है, उसमे भी कभी-कभी साल डेढ़ साल तक मानदेय का भुगतान नहीं किया जाता है, जिससे इन्हें अपने परिवार के भरण पोषण में कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार स्वच्छता पर्यवेक्षक और स्वच्छता कर्मियों के मानदेय में कबतक वृद्धि करते हुए इनको ससमय मानदेय का भुगतान कराने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

----

## दोषीयो पर कार्रवाई

***1653 Shri. Lalit Kumar Yadav (82) (Darbhanga Rural):**

**Road Construction :-**

क्या मंत्री , पथ निर्माण विभाग , यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि :-

1.क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत धोई से खोटवाड़ा पथ एवं मनीगाछी से बथिया पथ, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल दरभंगा की सड़क है जिसकी रख रखाव अथवा निर्माण कार्य OPMRC पैकेज के तहत है जिसमें भारी अनियमितता हुई है, जिसकी सूचना अपने कार्यलय पत्रांक संख्या-16/25 दिनांक-16.01.2025 के माध्यम से अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग को सूचित किया गया था, यदि हाँ, तो सरकार जाँच करवा कर संबंधित संवेदक एवं अभियंताओं पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## बांध निर्माण ।

***1654 Shri. Vijay Kumar (169) (Sheikhpura ):**

**Water Resources** क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें किः-1. क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला के घाटकुसुम्भा प्रखंड के भदौंसी पंचायत अन्तर्गत धोबिया कोण से डीहकुसुम्भा सीमान तक एवं खीलहा कोण से पनशाला रोड तक बांध का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है जिसके कारण कृषक समय पर खेती नहीं कर पाते है जिससे हजारों एकड़ में लगी फसल पानी के अत्यधिक बहाव के कारण बर्बाद हो जाती है;2. क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा अपने पत्रांक-100/2024, दिनांक-27.08.2024 को विभागीय मंत्री को पत्र देने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं हुई है ;3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त वर्णित स्थानों पर कबतक बांध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----